# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**कांग्रेस का आतंकवाद में धर्म का 'दांव' ध्वस्त हो गया...पर, कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही**

## मालेगांव बम ब्लास्ट मामलाः 17 साल बाद सभी 7 आरोपी बरी



# देश पर 'हिंदू आतंकवाद' थोपने की साजिश फेल

फैसले के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद का बयान

### अदालत ने जांच प्रक्रिया में कई खामियों को रेखांकित किया

- घटनास्थल से फिंगरप्रिंट नहीं लिए गए
- मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर रिकवर नहीं हुआ, और यह साबित नहीं हुआ कि बाइक साध्वी प्रज्ञा के नाम पर थी
- धमाके के बाद पंचनामा ठीक से नहीं किया गया, जिसके कारण सबूतों में गड़बड़ी हुई
- विशेषज्ञों ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने में लापरवाही बरती

### क्या है मामला?

**बम धमाके में 6 की मौत, 100 घायल**

29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले हुए बम धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस मामले की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी, लेकिन 2011 में इसे एनआईए को सौंप दिया गया। एक दशक से अधिक समय तक चले मुकदमे में 323 गवाहों से पूछताछ की गई, जिनमें से 34 अपने बयानों से पलट गए।

## कोर्ट ने कहा...कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता

मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सिर्फ संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता और अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने फैसले में कहा कि आरोपियों के खिलाफ भले ही गंभीर संदेह हो, लेकिन वह उन्हें दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने यह भी माना कि साध्वी प्रज्ञा, जिन्हें नौ साल जेल में बिताने पड़े, धमाके से दो साल पहले ही सन्यास ले चुकी थीं और भौतिक वस्तुओं का त्याग कर चुकी थीं। अदालत ने कहा कि कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता। उसने आगे कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत केवल धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती।

### तीन बड़े सवाल

1 सातों बरी आरोपियों ने कहा-हमारे 17 साल कौन लौटाएगा? इतना लंबा ट्रायल क्यों चला?

2 जब ये 7 लोग बरी हो गए तो आखिरकार असली गुनहगार कौन? क्या वे समाज में छुट्टा घूम रहे हैं?

3 पीड़ित बोले- धमाका हुआ, 6 जानें गईं, तो इन जानों को लेने वालों पर आखिर शिकंजा कब कसा जाएगा?

### 5 जजों ने की सुनवाई

1. जस्टिस वायडी शिंदे
2. जस्टिस एसडी टेकाले
3. जस्टिस वीएस पडलकर
4. जस्टिस पीआर सित्रे
5. जस्टिस एके लाहोटी

### फैसला आते ही साध्वी प्रज्ञा रो पड़ीं-कहा जांच एजेंसियों ने मेरा जीवन बर्बाद कर दिया। पर आखिरकार, भगवा की जीत हुई, भगवान उन लोगों को सजा देंगे जिन्होंने भगवा का अपमान करने की कोशिश की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश ने सबूतों के अभाव में सभी सात आरोपियों, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल हैं, को बरी कर दिया।

कोर्ट ने नोट किया कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और एनआईए की चार्जशीट में कई विसंगतियां थीं। सात आरोपियों—प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी, और समीर कुलकर्णी—पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। सभी आरोपी वर्तमान में जमानत पर रिहा थे। 19 अप्रैल 2025 को अंतिम दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### सांसद उज्जवल निकम ने उठाया सवाल दो एजेंसियों की जांच के कारण ही असली गुनहगारों को खोजा नहीं जा सका



समीर कुलकर्णी | मेजर रि.रमेश | ले.कर्नल प्रसाद पुरोहित | प्रज्ञा सिंह ठाकुर | अजय राहिरकर | सुधाकर चतुर्वेदी

2008 से 2025 तक चले मालेगांव ब्लास्ट केस की कहानी सिर्फ एक आतंकवादी हमले की नहीं, बल्कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया की लंबी, जटिल और कई बार बाधित होती गई यात्रा की भी है। इस दौरान केस पांच अलग-अलग विशेष जजों की अदालतों से होकर गुजरा

### दूध का दूध और पानी का पानी

1 बम मोटरसाइकिल में था। यह प्रज्ञा ठाकुर की थी **सच्चाई : सबूत नहीं**

2 प्रसाद पुरोहित ने बम बनाया या उसे सप्लाई किया **सच्चाई : सबूत नहीं**

3 बम किसने लगाया? **सच्चाई : सबूत नहीं**

4 अभिनव भारत संगठन ने फंडिंग की **सच्चाई : सबूत नहीं**



उमा भारती के बंगले के बाहर जश्न, बांटी मिठाइयां

### दिग्विजय सिंह के सुर बदले...
## कहा-किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं



साध्वी प्रज्ञा को मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सुर बदल गए। उन्होंने कहा कि न आतंकवाद होता है और न ही मुसलमान आतंकवादी होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म को आतंकवाद से जोड़ना ठीक नहीं है। हर धर्म प्रेम, अहिंसा, सद्भाव का प्रतीक होते हैं। न आतंकवादी हिंदू हो सकता है ना मुसलमान। कुछ ही लोग होते हैं जोकि धर्म को नफरत की तरह हथियार बनाते हैं। उन्होंने सफाई देते हुए ये भी कहा कि मैंने भगवा आतंकवाद नहीं 'संघी आतंकवाद' कहा था। बता दें कि साल 2018 में सामाजिक कार्यकर्ता गौरी लंकेश की हत्या के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा था कि जितने भी लोग इस मामले में पकड़े गए हैं, वो हिंदू धर्म वाले आतंकवादी पकड़े हैं।

### साध्वी प्रज्ञा को जेल में ये दी गईं यातनाएं
## अंधेरे रूम में बेल्ट से पिटाई, नीले पड़े हाथ-पैर, निर्वस्त्र कर लटकाने की धमकी

2018 में साध्वी प्रज्ञा ने अपनी जेल यात्रा के भयावह अनुभव साझा किए, जिन्हें सुनकर हर कोई सन्न रह गया। उन्होंने बताया कि मुझे एटीएस ने 13 दिन तक एक छोटे, अंधेरे कमरे में बंद रखा। पहले दिन से ही बेल्ट से पिटाई शुरू हुई। मेरे हाथ-पैर नीले-काले पड़ गए। मैं एक गिलास पानी भी नहीं पकड़ पाती थी। जेल अधिकारी मुझे गालियां देते थे।

उन्होंने मुझे उल्टा लटकाने और निर्वस्त्र करने की धमकी दी। यह बात कहना मेरे लिए आसान नहीं, लेकिन मैंने जो सहा, वह कोई बहन न सहे। मुझे 24 दिन तक बिना रुके पीटा गया। जब वे थक जाते, तो गालियां देते। मुझे सोने नहीं दिया जाता था, ताकि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। पिटाई से मेरे हाथों से खून निकलने का डर होता था, तो वे गर्म पानी में नमक डालकर मेरे हाथ डुबोते थे, ताकि फिर से पीट सकें। साध्वी ने दावा किया कि पूछताछकर्ता उनसे यह कबूल करवाना चाहते थे कि उन्होंने बम धमाका किया और मुसलमानों की हत्या की। उन्होंने कहा कि वे मुझसे कहते थे कि मैं आतंकवादी हूं, संघ आतंकी संगठन है। मुझे अहसास हुआ कि हिंदुत्व को निशाना बनाया जा रहा है। वे चाहते थे कि मैं योगी आदित्यनाथ और संघ नेताओं को फंसाऊं। जेल में तीन नार्को टेस्ट, तीन पॉलीग्राफ टेस्ट, और तीन ब्रेन-मैपिंग टेस्ट किए गए, जिनमें उनके शरीर में रसायन डाले गए। इन टेस्ट्स की वजह से मुझे ब्रेस्ट कैंसर हुआ। साध्वी ने यह भी कहा कि एटीएस ने एनकाउंटर के बहाने उन्हें मारने की कोशिश की।

### हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकताः डॉ. यादव



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा सत्यमेव जयते। उन्होने कहा कि मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना कांग्रेस की संकुचित मानसिकता पर करारा प्रहार है। हिंदू आतंकवाद जैसे नैरेटिव गढ़ने वाली कांग्रेस सदैव याद रखे, हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। यह निर्णय सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को कड़ा जवाब है। कांग्रेस को सभी सनातनियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### माफी मांगें राहुल : रविशंकर



भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हिंदू आतंकवाद को देश के ऊपर जबरन थोपने का जो कांग्रेस पार्टी का षडयंत्र धराशाई हो गया। भाजपा ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी से इस मुद्दे पर माफी की मांग की है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये बात हम बहुत जिम्मेवारी के साथ कहना चाहते हैं। मालेगांव ब्लास्ट मामले में जो कोर्ट का फैसला आया है उसमें कहा गया है कि किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई पर्याप्त सबूत नहीं है।

### भावुक हुईं उमाभारती



पूर्व सीएम उमा भारती मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गईं। उमा भारती ने उस समय का जिक्र किया, जब प्रज्ञा ठाकुर नासिक जेल में बंद थीं। भारती ने कहा कि जब कोई प्रज्ञा से मिलने नहीं जाता था, तब मैं नासिक जेल में प्रज्ञा से मिलने गई थी। वहां प्रज्ञा को बेहद प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कहा कि अब भगवा आतंकवाद कहने वालों को चौराहे पर सजा देना चाहिए।

### क्या महाराष्ट्र सरकार चुनौती देगी



एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने फैसले को निराशाजनक बताया और पूछा कि क्या महाराष्ट्र सरकार 2006 के मुंबई विस्फोटों के हालिया फैसले की तरह इस फैसले को चुनौती देगी। उन्होंने एक्स पर केंद्र सरकार पर एक आरोपी को सांसद बनाने का आरोप लगाते हुए एजेंसियों की 'दोषपूर्ण जांच' के लिए जवाबदेही की मांग की।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

### दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट में खराबी



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का बोइंग 787-9 विमान गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान नहीं भर पाया। विमान को लंदन के लिए टेक ऑफ करना था। एयरलाइन के प्रवक्ता के बयान में कहा कि एआई2017 विमान संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण वापस लौट आया।

### नई दिल्ली में उद्यमी सम्मेलन में सीएम डॉ. यादव ने कहा-मप्र में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मप्र की उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बन रही

## वस्त्र निर्माण से जुड़े खरीदार और निर्माताओं को एक मंच पर ला रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में उद्यमी सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टैक्सटाइल उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मप्र में कपास उत्पादन गुणवत्तापूर्ण है, जिससे धागा बनाने और वस्त्र निर्माण सहित खरीदार और निर्माताओं को एक मंच पर लाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने उत्पादन को बढ़ाने वाली और प्रोत्साहित करने वाली नीतियां बनाई हैं। निर्माण इकाइयों को भी पूरा प्रोत्साहन दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की उद्योग प्रोत्साहक राज्य की छवि बन रही है। विभिन्न तरह की अनुमतियां आसानी से मिलने से उद्योगों को स्थापना का कार्य आसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार ने लोक कल्याणकारी नीतियां लागू की हैं। युवाओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। युवाओं की रोजगार की जरूरत उद्योगों से पूरी होगी, जिससे राज्य का भी समग्र विकास होगा।




**इस सम्मेलन में वालमार्ट सहित अनेक बड़े उद्यमी पहुंचे**

उद्यमी सम्मेलन के महत्व को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित उद्यमी सम्मेलन महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस सम्मेलन में वालमार्ट सहित अनेक बड़े उद्यमी पहुंचे और सम्मेलन में शामिल हुए। यह आयोजन राज्य के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा।

### पीएम मोदी से मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में की सौजन्य भेंट

मप्र में निवेश संबंधी किए जा रहे प्रयासों की दी जानकारी

## राज्य सरकार की उपलब्धियों से पीएम को कराया अवगत

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नई दिल्ली दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री को मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचार पर केंद्रित पुस्तिका विरासत से विकास की राह भेंट की। पुस्तिका में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास, गरीबी उन्मूलन, जनजाति कल्याण, किसान कल्याण, नारी शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुशासन, शहरी विकास, अधोसंरचना विकास, पर्यटन एवं संस्कृति संरक्षण और पर्यावरण संबंधी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल है।*




**दुबई-स्पेन की निवेश यात्रा की दी जानकारी**

डॉ. यादव ने हाल ही में मप्र में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए की गई दुबई एवं स्पेन की यात्रा में मिली सफलता की जानकारी दी। मप्र के चहुंमुखी विकास के लिए पीएम मोदी का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदेश की साढ़े 8 करोड़ आबादी को हमेशा मिलता है।

### हाई कोर्ट ने यूका कचरे को लेकर पूछे सवाल
## एक्सपर्ट कमेटी सदस्य नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को नष्ट के मामले में मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य हाजिर हुए। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों से कुछ सवाल किए। एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य उन सवालों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट ने सभी जवाबों के प्रति असंतोष जताया। आगामी सुनवाई की तारीख 14 अगस्त निर्धारित की गई। कोर्ट ने कहा कि उस दिन सभी एक्सपर्ट सदस्य कोर्ट के द्वारा पूछे गए सवालों के परिप्रेक्ष्य में अपेक्षाकृत अधिक संतोषजनक सहित हाजिर हों।




■ 14 अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई

### पचमढ़ी के ट्रेनिंग सेंटर में भूटान आर्मी के जवान की मौत
## तालाब में डूबा, विदेश मंत्रालय जाएगी रिपोर्ट, बैंड बजाने की ट्रेनिंग ले रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिल स्टेशन पचमढ़ी स्थित आर्मी एजुकेशन कोर (एईसी) के करियप्पा कंपनी परिसर में बुधवार दोपहर भूटान आर्मी के 27 वर्षीय जवान शिवांग गेलसेन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इंटरनेशनल मामला होने की वजह से शव को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक शिवांग गेलसेन, पिता सोनम, रॉयल भूटान आर्मी में आरक्षक (रैंक - चुमा) के पद पर कार्यरत था। वह 7 मई 2025 से 7 अक्टूबर 2025 तक की 5 महीने की ट्रेनिंग पर पचमढ़ी आया था। यहां वह एईसी के आरएम कोर्स में बैंड सीखने की ट्रेनिंग ले रहा था।



**संगीत की ट्रेनिंग के लिए देश में एक मात्र सेंटर**

देश में संगीत के सैनिकों की ट्रेनिंग की एकमात्र जगह है पचमढ़ी। यहीं है आर्मी म्यूजिक स्कूल। 75 साल पुराने यह म्यूजिक स्कूल एशिया का सबसे बड़ा और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मिलिट्री म्यूजिक स्कूल है। डिजिटल म्यूजिक ट्रेनिंग के लिए पचमढ़ी में बने भारतीय सेना के मिलिट्री म्यूजिक विंग को आईएसओ सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।

### मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला, 5451 करोड़ स्वीकृत
## इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को केंद्र सरकार की हरी झंडी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। केंद्र की मोदी सरकार ने मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र को रेलवे विकास के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात दी है। हाल ही में दिल्ली में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इटारसी ( नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश) से नागपुर (महाराष्ट्र) के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 5451 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस रेल लाइन के निर्माण से इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही पहले की तुलना में अधिक सुचारु और तेज हो सकेगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और समय की बचत का सीधा लाभ मिलेगा।



**चौथी रेल लाइन की मुख्य विशेषताएं**

- रूट लंबाईः 297 किलोमीटर
- ट्रैक लंबाईः 339 किलोमीटर
- कुल स्टेशनः 37
- बड़े पुलः 36
- छोटे पुलः 415
- आरओबी 2
- आरयूबी 74
- सुरंगें: 4
- लॉजिस्टिक्स लागत में अनुमानित बचतः 1206 करोड़ रुपए

### केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की पहल
## भोपाल में जानवरों के लिए ब्लड बैंक मिलेगा कुत्ते-बिल्ली व बकरी का खून

*सरकारी क्षेत्र का यह दूसरा ब्लड बैंक खुलेगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी भोपाल में पशुओं के लिए ब्लड बैंक खोला जाएगा। सरकारी क्षेत्र का यह दूसरा ब्लड बैंक खुलेगा। इसमें अभी छोटे पशुओं कुत्ते, बिल्ली, बकरी जैसे जानवरों के लिए ब्लड बैंक किए जाएंगे। यह बल्ड बैंक भोपाल के राज्य पशु चिकित्सालय में बनाया जाएगा। जहां कुत्ते, बिल्ली, बकरी आदि के लिए ब्लड उपलब्ध मिलेगा। दरअसल, केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव अलका उपाध्याय के प्रयास से ब्लड बैंक खोला जा रहा है। इसके लिए सभी प्रक्रिया पूरी तरह तैयार कर ली गई है। भोपाल के राज्य पशु चिकित्सालय में पूरी तैयारी है। रुपरेखा तैयार की जा रही है कि शुरुआत में किन-किन पशुओं के लिए ब्लड की व्यवस्था की जाएगी। शुरुआत में छोटे पशुओं के ब्लड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद आने वाले समय में बड़े पशुओं के लिए भी ब्लड उपलब्ध कराए जाएंगे।

कैबिनेट ने 6 राज्यों को दी सौगात

# 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से 13 जिले होंगे लाभान्वित, 574 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली रेल मंत्रालय की 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी प्रदान की है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,169 करोड़ आंकी गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी लागत 11,169 करोड़ है।

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की बैठक**

### ये परियोजनाएं शामिल

इनमें इटारसी नागपुर चौथी रेल लाइन, अलुअबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन छत्रपति संभाजीनगर-परभणी डबलिंग, डांगापोसी-जरौली तीसरी और चौथी लाइन प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### रेल मंत्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के फैसले की दी जानकारी

#### यह चारों दिशाओं का मिलन

इटारसी-नागपुर चौथी रेलवे लाइन को लेकर वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन को मंजूरी दी है। इसका निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 574 किलोमीटर की वृद्धि होगी, जिससे कुल नेटवर्क और अधिक सशक्त होगा।

#### 2,309 गांवों तक बढ़ेगा संपर्क 43 लाख लोगों को होगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि इन प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 2,309 गांवों तक सम्पर्क बढ़ेगा, जो लगभग 43 लाख लोगों की आबादी को सीधा लाभ पहुंचाएंगे। यह परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि उत्पाद, पेट्रोलियम जैसे आवश्यक वस्तुओं के परिवहन के लिए अहम मार्गों पर गतिशीलता को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा इससे सालाना 95.91 मिलियन टन अतिरिक्त मालवाहक ट्रैफिक को संभालने की क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे देश के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को प्रत्यक्ष लाभ होगा।

### 6 बड़े फैसले, किसान संपदा योजना के लिए 6520 करोड़ मंजूर

वैष्णव ने बताया कि दो फैसले किसानों से जुड़े हैं। बैठक में 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना' के लिए 1920 करोड़ के अतिरिक्त खर्च को मंजूरी दी गई है। योजना का बजट बढ़कर 6520 करोड़ पहुंच गया है। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना की घटक योजना एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों को बनाने का फैसला किया गया है।

#### अभिरुचि पत्र जारी होंगे

आईसीसीवीएआई और एफएसक्यूएआई दोनों ही योजनाएं पीएमकेएसवाई योजना का हिस्सा हैं। ऐसे में देश भर की पात्र संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करने के लिए अभिरुचि पत्र जारी किए जाएंगे।

#### 100 एनएबीएल लैब बढ़ाएंगी खाद्य सुरक्षा

प्रति वर्ष 20 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की कुल परिक्षण क्षमता सृजित होने की उम्मीद है। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त खाद्य परीक्षण लैब्स की स्थापना की जाएगी।

---

## मालेगांव मामले के फैसले पर ज्यादातर 'माननीयों' ने जताई खुशी, मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

# आतंकवाद कभी भगवा न था और न ही कभी होगा, आखिरकार सच सामने आ ही गया

मालेगांव विस्फोट मामले में 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया और भगवा आतंकवाद को नकार दिया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है।

### *भाजपा नेताओं ने फैसले का स्वागत किया तो कांग्रेस ने चुनौती देने की बात कही*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को 17 साल बाद एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारे में बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ जहां तरफ भाजपा नेताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। साथ ही 'भगवा आतंकवाद' के मुद्दे पर विपक्ष को आड़े हाथ लेना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस फिर से इस फैसले को चुनौती देने की बात पर जोर दे रही है। एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद तेज होती सियासत के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आतंकवाद न कभी भगवा था, न है और न ही कभी होगा। उन्होंने कहा कि अब सच सामने आ गया है।

### मुझे 17 साल तक अपमानित किया मेरा जीवन बर्बाद किया: प्रज्ञा



बरी होने के बाद पहली बार साध्वी प्रज्ञा का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया।साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने मालेगांव बम धमाके मामले में बरी होने के बाद कहा कि उन्हें 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्हें 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। उन्होंने कोर्ट के प्रति सम्मान दिखाते हुए फैसले के दिन कोर्ट में मौजूदगी दर्ज कराई। साध्वी प्रज्ञा ने यह भी कहा कि उन्हें गलत तरीके से आरोपी बनाया गया, जिससे उनका जीवन बर्बाद हो गया और उन्हें अपने ही देश में आतंकवादी बना दिया गया।

### 'भगवा आतंकवाद' पर जवाब दे विपक्ष: रवि किशन



भाजपा सांसद रवि किशन ने कांग्रेस पर सीधा हमला करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ा, आज उन्हें इसका जवाब देना होगा। उन्हें देश के 100 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। किस आधार पर उन्होंने भगवा आतंक का नैरेटिव खड़ा किया? इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन था? अब यह साबित हो चुका है कि हिंदू आतंकी नहीं हो सकता।

### मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा: राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर मुद्दे से भटकाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीतियों को तबाह किया। मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जो दोषी हैं उन्हें सजा मिलनी चाहिए: अखिलेश



कोर्ट के फैसले के बाद सपा सांसदअखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने पूरी रिपोर्ट नहीं पढ़ी है, लेकिन जो लोग इतनी बड़ी घटना में शामिल थे, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

### सबूत नहीं थे, इसलिए कोर्ट ने बरी किया: अठावले



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि इस केस की सुनवाई कई वर्षों तक चली। अदालत ने सभी आरोपियों को बरी किया क्योंकि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं था। आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता।

### कांग्रेस की खुल गई पोल कृष्णा हेगड़े ने कहा



शिवसेना प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने स्वागत करते हुए कहा कि हमें इस फैसले से बहुत खुशी है। कांग्रेस ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इन लोगों को फंसाया और 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा। अब उनकी पोल खुल चुकी है।

### फैसले को चुनौती देगी कांग्रेस: कमलनाथ



इस फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि इससे फर्क पड़ा है, वे इसे चुनौती देंगे। भाजपा कुछ भी कहे, लेकिन ये कोर्ट का फैसला है और इसे चुनौती दी जा सकती है।

### ये थे मालेगांव ब्लास्ट के आरोपी

**प्रज्ञा ठाकुर:** प्रज्ञा सिंह ठाकुर उर्फ साध्वी प्रज्ञा जिन्हें स्वामी पूर्णा चेतनानंद गिरी के नाम से जाना जाता है, मध्य प्रदेश की निवासी हैं। वे इस केस में आरोपी नंबर-1 थीं। प्रज्ञा ठाकुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की सदस्य रही हैं। मालेगांव ब्लास्ट केस में वह पहली आरोपी थीं, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ब्लास्ट एक एलएमएल फ्रीडम मोटरसाइकिल में बम लगाकर अंजाम दिया गया। इस बाइक के प्रज्ञा के होने का आरोप लगा। प्रज्ञा ने साजिश से जुड़ी कई बैठकें कीं और सभी चीजें मुहैया कराने की बात कही।

**प्रसाद श्रीकांत पुरोहित:** 2008 मालेगांव ब्लास्ट केस में प्रसाद पुरोहित को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। वे सेना में सेवारत अधिकारी हैं। महाराष्ट्र एटीएस का दावा था कि प्रसाद पुरोहित ने 2006 में अभिनव भारत संगठन की स्थापना में भूमिका निभाई थी। इसी संगठन के जरिए बम धमाकों के लिए फंड्स इकट्ठा किए गए। पुरोहित पर भी ब्लास्ट की साजिश रचने के लिए कई बैठकों में हिस्सा लेने का आरोप था। आरोप लगा था कि वे इन बैठकों में अलग झंडा और संविधान बनाने की बात कहते थे और इस्राइल या फिर थाईलैंड में एक निर्वासित सरकार बनाने का विचार प्रसारित करते थे। केस में एक और आरोपी रमेश उपाध्याय के साथ हुई उनकी बातचीत का हवाला दिया था और फोन टैपिंग को सबूत के तौर पर पेश किया था।

**रमेश उपाध्याय:** भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय इस मामले में गिरफ्तार होने वाले चौथे आरोपी थे। एटीएस ने दावा किया था कि फरीदाबाद में एक बैठक के दौरान उपाध्याय ने मामले में सह-आरोपी प्रसाद पुरोहित के साथ हिंदू राष्ट्र बनाने और इसके अलग संविधान के विचार का समर्थन किया था। इतना ही नहीं नासिक में भोसला सैन्य स्कूल में एक बैठक में उपाध्याय को मालेगांव ब्लास्ट केस के लिए फंडिंग देने वाले अभिनव भारत संगठन का कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया था।

**अजय राहिरकर:** महाराष्ट्र के पुणे से जुड़े व्यापारी अजय राहिरकर को एटीएस ने नवंबर 2008 को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने आरोप लगाया था कि अभिनव भारत संगठन का गठन 2006 में पुणे में उनके ही घर में हुआ था और वे इस संगठन के ट्रेजरर रहे। एटीएस ने आरोप लगाया था कि राहिरकर मालेगांव ब्लास्ट की साजिश से जुड़ी कई बैठकों में शामिल हुए और अभिनव भारत के जरिए धमाकों के लिए फंड्स जुटाने में लगे रहे। इन फंड्स का इस्तेमाल प्रसाद पुरोहित के निर्देश पर हथियार जुटाने के लिए किया गया।

**सुधाकर चतुर्वेदी :** सुधाकर चतुर्वेदी सेना के खुफिया विभाग के लिए काम करता था। एटीएस का दावा था कि वह अभिनव भारत संगठन को कई अहम सूचनाएं पहुंचाने के लिए जिम्मेदार था और बम ब्लास्ट के वक्त वह नासिक के देवलाली में रुका था। एटीएस ने आरोप लगाया था कि आरडीएक्स के स्रोतों का पीछा करने पर इसका एक ठिकाना चतुर्वेदी के किराए के घर पर मिला था। आतंक-रोधी दस्ते ने कहा था कि जिस तरह के विस्फोटक के सैंपल चतुर्वेदी के घर पर मिले, वह मालेगांव ब्लास्ट में इस्तेमाल हुए आरडीएक्स से मेल खाते थे।

**समीर कुलकर्णी :** मालेगांव धमाके के मामले में कोर्ट में जितनी भी सुनवाई हुईं समीर कुलकर्णी लगभग सभी में मौजूद रहे। पुणे में एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम करने वाले समीर कुलकर्णी पर आरोप लगे कि वह हिंदुओं के खिलाफ हो रही बर्बरता का बदला लेने से जुड़ी चर्चा में शामिल रहे थे।

#### दो और आरोपी, जिन्हें नहीं किया जा सका गिरफ्तार

एटीएस और एनआईए ने दो और लोगों के नाम आरोपी के तौर पर चार्जशीट में शामिल किए थे। हालांकि, इन्हें कभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका। इनमें एक नाम रामचंद्र कालसांगरा उर्फ रामजी और संदीप दांगे का था। आरोप था कि मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले यह दोनों लोग ब्लास्ट की साजिश में शामिल थे और साध्वी प्रज्ञा की जिस एलएमएल मोटरसाइकिल में बम रखकर ब्लास्ट किया गया उसे कालसांगरा ही चलाता था।

---

## खबर संक्षेप

### सिंह ने दिल्ली पीसी का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एसबीके सिंह को दिल्ली पुलिस आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्होंने कार्यभार संभाल लिया है। वे अगले आदेश जारी होने तक इस पद पर बने रहेंगे। पहले वे होमगार्ड में थे।

### विजय ने कास्टिंग काउच को बताया 'घटिया'



**चेन्नई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति पर एक्स यूजर ने कास्टिंग काउच का गंभीर आरोप लगाया था। उस यूजर के ट्वीट के बाद हर कोई हैरान था। अब इन आरोपों पर महाराजा एक्टर ने रिएक्ट किया है। उन्होंने इन आरोपों को झूठा बताया है।

### मुठभेड़ में 25-25 हजार के दो इनामी गिरफ्तार



**मेरठ।** मवाना में एक पखवाड़ा पूर्व मुहल्ला तिहाई में जुड्डी के पास युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए लिया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

---

चीनी ई-कॉमर्स कंपनी का ऐसा कारनामा

# ओडिशा ने की निंदा व 'अपमानजनक' बताया, अलीएक्सप्रेस माफी मांगे

### भगवान जगन्नाथ की छवि वाले पायदान बेचने पर बवाल

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा में तब बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब पता चला कि चीनी ई-कॉमर्स वेबसाइट अलीएक्सप्रेस भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेच रही है। राज्य की उप मुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने इस कृत्य को 'अपमानजनक' बताया और अलीएक्सप्रेस से माफी की मांग की। उन्होंने एक्स पर उन्होंने लिखा- महाप्रभु जगन्नाथ हर ओडिया के दिल और आत्मा से जुड़े हैं। मैं कंपनी द्वारा भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने की कड़ी निंदा करती हूं। इसे तुरंत हटाया जाए और भक्तों से माफी मांगी जाए।

#### कंपनी ने कहा- उसने वह उत्पाद हटा दिया



इसके बाद अलीएक्सप्रेस ने कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने वह उत्पाद हटा दिया गया है। अलीएक्सप्रेस ने लिखा - हम आपकी रिपोर्ट की सराहना करते हैं। इस उत्पाद की समीक्षा की गई है और इसे हटा दिया गया है। आपके सुझावों से हमें अपने प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। धन्यवाद कि आपने हमें एक सुरक्षित और सम्मानजनक ऑनलाइन अनुभव बनाने में सहयोग दिया।

#### पटनायक ने की भर्त्सना

पूर्व सांसद और बीजू जनता दल के नेता अमर पटनायक ने भी अलीएक्सप्रेस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं भगवान जगन्नाथ की तस्वीर वाले पायदान बेचने के इस निंदनीय कृत्य की घोर भर्त्सना करता हूं। यह करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावना का अपमान है। यह अत्यंत अशोभनीय है।

#### प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन ने भी की निंदा

प्रसिद्ध रेत कलाकार और पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने लिखा कि जय जगन्नाथ। हम दुनियाभर के सभी भक्तों से अपील करते हैं कि इस अस्वीकार्य कृत्य के खिलाफ आवाज उठाएं।

---

जेएनयू में शाकाहार मांसाहार पर विवाद

# वैचारिक टकराव बढ़ा, हॉस्टल के बाहर किया प्रदर्शन और नारेबाजी भी की

### अध्यक्ष ने माना विभाजन बढ़ेगा, छात्र संघ और एबीवीपी आमने-सामने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के माही-मांडवी हॉस्टल में शाकाहार-मांसाहार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इसने परिसर में वैचारिक टकराव को जन्म दिया है। जेएनयू छात्र संघ और एबीवीपी आमने-सामने हैं। विवाद हॉस्टल मेस में कथित तौर पर छात्रों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था को लेकर है। वामपंथी विचारधारा से जुड़े जेएनयूएसयू ने आरोप लगाया कि हॉस्टल के एबीवीपी से संबद्ध अध्यक्ष ने कहा कि मेस में भोजन करने वालों के लिए टेबल अलग कर दिए हैं।

#### जेएनयूएसयू के अध्यक्ष ने नफरतभरी राजनीति कहा



जेएनयूएसयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार का कहना है कि यह व्यवस्था हॉस्टल के नियमों का उल्लंघन है और छात्रों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश है। उन्होंने इसे नफरत की राजनीति करार देते हुए छात्रों से एकजुट होकर विरोध करने की अपील की। यूनियन ने हास्टल के बाहर प्रदर्शन भी किया, जिसमें छात्रों ने खाने की आजादी और सामाजिक समरसता के नारे लगाए।

#### संयुक्त सचिव ने सहमति का निर्णय बताया

एबीवीपी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। एबीवीपी के पदाधिकारी व जेएनयूएसयू के संयुक्त सचिव वैभव मीणा ने कहा कि यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि कुछ शाकाहारी छात्रों की सहमति से लिया गया निर्णय है।

---

तमिलनाडु में राजनीतिक अवसरवादिता

# पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा को छोड़ कर लिया स्टालिन से 'गठजोड़'

मार्निंग वॉक में हुआ मेल और हो गया खेल

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन राज्य की राजनीति करवटें लेने लगी है। एक नाटकीय घटनाक्रम में गुरुवार सुबह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और एआईएडीएमके से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम ने एनडीए से अलग होने की घोषणा की। बुधवार को चेन्नई में मॉर्निंग वॉक के दौरान सीएण एमके स्टालिन संग मुलाकात के कुछ घंटे बाद पनीरसेल्वम ने इसका ऐलान किया। चर्चा थी कि ओपीएस भाजपा से नाराज चल रहे थे। वे तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनसे मिलना उनके लिए अद्वितीय सम्मान होगा, पर नहीं मिल सके।

---

तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को कोर्ट की चेतावनी

# विधानसभा अध्यक्ष 3 महीने के अंदर फैसला सुनाएं

### सुप्रीम कोर्ट ने बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला 3 महीने के भीतर करें वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर 7महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है।

#### 7 महीने से नहीं भेजा गया नोटिस

कोर्ट ने नाराजगी जताई कि स्पीकर ने 7महीने तक अयोग्यता याचिकाओं पर कोई नोटिस तक जारी नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि जब ऐसी याचिकाओं पर इतनी देरी होती है, तो यह लोकतंत्र को कमजोर करता है।



#### सीएम की टिप्पणी पर भी जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने सीएम रेवंत रेड्डी की विधानसभा में की गई टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि एक जिम्मेदार नेता को ऐसी टिप्पणी से बचना चाहिए। स्पीकर की भूमिका न्यायिक समीक्षा के दायरे में आती है।

#### हाई कोर्ट के आदेश को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें कहा गया था कि स्पीकर 'उचित समय' में फैसला लें। कोर्ट ने माना कि पहले दिए गए आदेशों से कार्रवाई में देरी ही हुई है।

#### राजनीतिक दलबदल लोकतंत्र में खतरनाक

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



नर्मदा का विहंगम दृश्य

## प्रदेश में बारिश की रफ्तार थमी, अगले पांच दिन अति भारी बारिश का अलर्ट नहीं

# अब नर्मदा का जलस्तर बढ़ा महेश्वर में घाट व मंदिर डूबे

**श्योपुर में दो और दमोह में एक शव मिला**

**अशोक नगर में रेस्क्यू के लिए सेना अब भी तैनात**

**आज आधा दर्जन जिलों में मध्यम से तेज बारिश का यलो अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में अति भारी बारिश का दौर तो थम गया, लेकिन बाढ़ के चलते हालात खराब बने हुए हैं। श्योपुर में पार्वती नदी की बाढ़ में बहे चाचा-भतीजे के शव खेत में एक-दूसरे से लिपटे हुए मिले हैं। सागर में देवरी के रामघाट नाले पर बने पुल से बही गर्भवती महिला का शव 48 घंटे बाद गुरुवार को मिल गया है। शव पुल से करीब 5 किमी दूर पचासिया गांव के पास झाड़ियों में फंसा था। जिसे जबलपुर से आई एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया है। अशोकनगर में बारिश थम गई है। यहां 41 सेना के जवान, 30 लखनऊ का एनडीआरफ दल और 13 सदस्य भोपाल की एसडीआरएफ की टीम तैनात है। रायसेन में बेतवा ने विशाल रूप ले लिया है।



खंडवा बांध के गेट खोले गए

### कहां कितना बढ़ा पारा?

बैतूल, नर्मदापुरम, इंदौर, रतलाम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया, मलाजखंड में पारा 2 से 3 डिग्री बढ़कर औसतन 28 डिग्री रहा, जबकि भोपाल, गुना, खंडवा, खरगौन, उज्जैन, दमोह, सागर सहित अधिकांश जिलों में औसतन एक डिग्री बढ़कर 27 डिग्री तक दर्ज हुआ है। वहीं, ग्वालियर, खजुराहो, रीवा, सतना, ग्वालियर, दतिया में पारा 2 से 5 डिग्री तक कम हुआ। सुबह से शाम तक सबसे अधिक बारिश दतिया में 6 और पचमढ़ी में 4 मिमी रही। बैतूल, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, दमोह, सागर, नर्मदापुरम में 1 से 2 मिमी तक बारिश हुई है। इससे तापमान में बढ़त रही।



महेश्वर में नर्मदा उफान पर


## खबर संक्षेप

### वरुण कपूर बने जेल महानिदेशक



**भोपाल।** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के तीन अफसरों की नवीन पदस्थापना की है। गृह विभाग से जारी सूची के अनुसार वरुण कपूर स्पेशल डीजी आरएपीटीसी इंदौर को मध्यप्रदेश का जेल महानिदेशक बनाया गया है। वहीं मोहम्मद शाहिद अबसार एडीजी ईओडब्ल्यू को एडीजी चयन भर्ती एवं एडीजी पीटीआरआई का जिम्मा सौंपा है।

### 11 अगस्त से प्लास्टिक मुक्त होगा काशी धाम



**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम 11 अगस्त से पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त हो जाएगा। खासकर प्लास्टिक की टोकरी और प्लास्टिक लोटा पर रोक लगाई जाएगी। भक्तों से भी अपील करेंगे, वह मंदिर में प्लास्टिक की टोकरी समेत कुछ लेकर न आएं। मंदिर के सीईओ विश्वभूषण ने कहा कि जूट और लकड़ी की बनी टोकरी का इस्तेमाल करें।

### नहाते समय नाले में डूबे बच्चे, दो शव निकाले



**छिंदवाड़ा।** नहाने गए दो बच्चे नाले में डूब गए। दोनों के शव बाहर निकाल लिए गए हैं। कोलाढाना क्षेत्र में बने सिवरेज पॉइंट के पास छह बच्चे खेलने के लिए पहुंचे थे। खेलते-खेलते वे सिवरेज पॉइंट के पास बने बोदरी नाले में उतरकर नहाने लगे। इसी दौरान अचानक दो बच्चे पानी के तेज बहाव में डूब गए। अन्य चार बच्चों ने घटना को देखकर शोर मचाया।

## डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का संसद में जवाब

# 10 से 15 फीसदी टैरिफ की बात हुई थी, राष्ट्रहित से समझौता नहीं करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारत ने स्पष्ट किया है कि वह अपने देशहित से कोई समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने की वजह से पेनल्टी का ऐलान कर दुनिया को चौंका दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बाद भारत ने दो टूक कहा है कि हम देशहित से हम कोई समझौता नहीं करेंगे।

वहीं, टैरिफ को लेकर अमेरिका के इस फैसले के बाद संसद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जवाब दिया। पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार की बात चल रही है। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि चल रही है। हम अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आयात पर 10 से15 प्रतिशत टैरिफ की बात हुई थी। देश की हित की दिशा में हम कदम उठाएंगे। वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा है। दोनों पक्षों में चार दौर की बातचीत हो चुकी है।

**वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ता जारी है और भारत अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करेगा। हमारे निर्यात में लगातार वृद्धि चल रही है**

**भारत आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहा**

**दोनों पक्षों में चार दौर की बातचीत हो चुकी**



**वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत**

### ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाते हुए क्या कहा?

### भारत चीन के साथ रूस के ईंधन का सबसे बड़ा खरीदार

-ट्रंप ने बुधवार को कहा कि भारतीय आयात पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया और यह धमकी भी दी कि इसके अतिरिक्त उस पर पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। ट्रंप ने भारत की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क की उच्च दरों, रूस से रक्षा उपकरणों और ईंधन की खरीद को लेकर भी आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने बुधवार को कहा-भले ही भारत हमारा दोस्त है।

**राहुल ने कहा**

### प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे रहे?



राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप अब कहते हैं कि वह 25% टैरिफ लगाएंगे। इस पर पीएम मोदी जवाब क्यों नहीं दे पा रहे हैं? असली वजह क्या है? उनके हाथ में नियंत्रण किसके पास है? राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री भाषण देते हैं और कहते हैं कि हमारी विदेश नीति प्रभावशाली है। एक तरफ अमेरिका आपको गाली दे रहा है, दूसरी तरफ चीन आपके पीछे पड़ा है।

### सरकार अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ के प्रभावों का आकलन कर रही

गोयल ने कहा कि मार्च 2025 में, भारत और अमेरिका ने एक न्यायसंगत, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की। इसका लक्ष्य अक्तूबर-नवंबर 2025 तक समझौते के पहले चरण को पूरा करना था। दोनों पक्षों ने 29 मार्च 2025 नई दिल्ली में आयोजित पहली डिजिटल मीटिंग में चर्चा के दौरान व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए विस्तृत टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) को अंतिम रूप दिया। सरकार हाल की घटनाओं के प्रभावों की जांच कर रही है। हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय निर्यातकों, उद्योगों और सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रहा है और इस मुद्दे पर उनके आकलन के आधार पर जानकारी एकत्र कर रहा है।

## नए सिस्टम पर काम कर रही है सरकार

# अब यूपीआई पेमेंट के लिए नहीं होगी पिन की जरूरत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**काम की खबर**

भारत में डिजिटल भुगतान को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) जल्द ही बायोमेट्रिक आधारित प्रमाणीकरण को यूपीआई पेमेंट्स में शामिल कर सकती है। इसका मतलब यह है कि अब यूपीआई ट्रांजेक्शन के लिए फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी, पिन दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में, यूपीआई भुगतान के लिए 4 से 6 अंकों का पिन डालना होता है।

■ **फेस आईडी या फिंगरप्रिंट से भुगतान की पुष्टि की जा सकेगी**

### बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण से क्या होगा लाभ?

बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण जैसे फिंगरप्रिंट या फेस आईडी से भुगतान को केवल शरीर की विशेषताओं के आधार पर मंजूरी मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुविधा उन लोगों के लिए डिजिटल भुगतान को और अधिक सुलभ और सुरक्षित बनाएगी, जिन्हें पासवर्ड याद रखना या स्मार्टफोन इस्तेमाल करना मुश्किल लगता है। ऑटो-डेबिट ट्रांजेक्शन जैसे कि ईएमआई या सब्सक्रिप्शन भुगतान अब केवल सुबह 10 बजे से पहले या रात 9:30 बजे के बाद ही प्रोसेस होंगे। इससे सर्वर पर लोड कम होगा और ट्रांजेक्शन में देरी नहीं होगी। कोई भी उपयोगकर्ता अपने मोबाइल नंबर से लिंक बैंक अकाउंट की जानकारी सिर्फ 25 बार प्रतिदिन ही निकाल सकेगा।

## गायों की मौत के बाद गोसेवकों का प्रदर्शन



# राजगढ़ में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर लगा दिया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजगढ़ में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों ने गायों को कुचल दिया। 4 गायों की मौत के बाद गोसेवकों ने हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट किया। 4 घंटे से हजार से ज्यादा वाहन फंसे रहे। विहिप, बजरंग दल और अन्य गोसेवक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा, पूर्व में जिला प्रशासन ने सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी, लेकिन आज तक इसका पालन नहीं हुआ। जिनकी निजी गायें हैं, उन्हें चिन्हित कर अपने घरों में बांधने के निर्देश देना चाहिए।

## कीचड़ में लोग 800 मीटर तक पैदल चले

# सड़क नहीं... तो बीएमओ ने नहीं भेजी एंबुलेंस, चारपाई पर ग्रामीण ले गए शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

शहर के उसरहाई टोला गांव में 15 साल के लड़के की कुएं में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। गांव में सड़क नहीं होने के कारण पुलिस 800 मीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से पैदल चलकर घटनास्थल पर पहुंची। एंबुलेंस ने तो आने से ही मना कर दिया। घटना ग्राम पंचायत पुरवा स्थित उसरहाई टोला गांव की है। 15 साल का आशिकी कोल बुधवार दोपहर से लापता था।



परिजन खेत से घर लौटे तो वह नहीं मिला। तलाश करने पर आशिकी का मोबाइल कुएं के पास पड़ा मिला। ग्रामीणों ने कुएं में काटा डालकर घुमाया, जिसमें आशिकी का पैर फंस गया और शव पानी के ऊपर आ गया।

## पीएम ई-ड्राइव योजना से 72,000 नए चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

# देश के हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर 4,557 ईवी चार्जिंग स्टेशन

**उत्तर प्रदेश सबसे आगे, कर्नाटक और महाराष्ट्र पीछे**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में बताया कि देश में 1,46,342 किलोमीटर लंबे राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अब तक 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) की रिपोर्ट के आधार पर सामने आया है। राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 507 चार्जिंग स्टेशन लगे हैं। इसके



बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 चार्जिंग स्टेशन हैं। हालांकि, गडकरी ने यह भी स्पष्ट किया।

## अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

# मिशनरी स्कूल में तिलक लगाने को लेकर बवाल

**हनुमान चालीसा का पाठ करने बैठ गए प्रदर्शनकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले के मिशनरी स्कूल में तिलक लगाकर स्कूल आने से मना करने पर जमकर बवाल हो गया।

मामले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि स्कूल में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। विरोध प्रदर्शन और हंगामे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्कूल शिक्षा विभाग के योजना अधिकारी



ने मंच से घोषणा की कि स्कूल में किसी भी धर्म, जाति, रीति-रिवाज को न मानने जैसी कोई रोक नहीं है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन खत्म किया। दरअसल 3 घंटे से स्कूल परिसर में हंगामा कर रहे एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने स्कूली छात्रों को तिलक मिटाने और कलवा उतरवाने का आरोप लगाया है। प्रिंसिपल से चर्चा के दौरान मांग पूरी नहीं होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रिंसिपल रूम में घुसने का प्रयास किया। पुलिस के साथ भी झूमा झटकी हुई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के तेवर को देखते हुए स्कूल का स्टाफ भी मैदान में उतर गया।

## दस महीनों के व्यापक शोध और आणविक परीक्षण के बाद एक नए रक्त एंटीजन की खोज

# कर्नाटक कोलार की महिला में मिला दुनिया का नया अनोखा ब्लड ग्रुप, सीआरआईबी नाम से हुई पहचान

**यह महिला दुनिया की पहली व्यक्ति है जिनमें यह नया एंटीजन पाया गया**

*इस खोज से न केवल भारत को वैश्विक रक्त विज्ञान में एक नई पहचान मिली है, बल्कि यह दुर्लभ रक्त समूहों पर शोध और मरीजों को जीवन रक्षक सहायता देने की दिशा में एक बड़ी प्रगति है*

एजेंसी ⏭ कोलार

**अलग खबर**

कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में दुनिया का एक बिल्कुल नया रक्त समूह पाया गया है, जिसे 'सीआरआईबी' नाम दिया गया है। यह खोज रक्त विज्ञान के क्षेत्र में एक



ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। यह मामला तब सामने आया जब महिला को कोलार के एक अस्पताल में हृदय शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के लिए भर्ती किया गया था। उनका रक्त समूह सामान्यतः ओ आरएच पॉजिटिव था, लेकिन जब सर्जरी से पहले उन्हें रक्त चढ़ाने की ज़रूरत पड़ी।

### इटली में इस एंटीजन की घोषणा की गई

सीआरआईबी नाम में "सीआर" का मतलब है क्रोमर (एक मौजूदा रक्त समूह प्रणाली), और "आईबी" का मतलब है इंडिया-बेंगलुरु, जहां इस खोज की शुरुआत हुई। यह नया एंटीजन क्रोमर ब्लड ग्रुप सिस्टम का हिस्सा है। जून 2025 में मिलान, इटली में आयोजित इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन की 35वीं रीजनल कांग्रेस में इस खोज की आधिकारिक घोषणा की गई। यह महिला इस खोज के बाद, रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर ने कर्नाटक स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल और मुंबई स्थित आईसीएमआर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोहेमेटोलॉजी के सहयोग से एक रेयर डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। यह पहल दुर्लभ रक्त समूहों वाले मरीजों को समय पर सही रक्त मुहैया कराने के लिए की गई है।

# मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं पर होगा खर्च

# स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च करेगी सरकार 23 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया। जिसमें सरकार ने सबसे ज्यादा बजट स्वास्थ्य विभाग के नाम किया है। इसके साथ गृह, शिक्षा, कृषि सहित अन्य विभागों को भी बजट में हिस्सा दिया गया है। मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए करीब 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट पेश किया।

इस बजट में सबसे बड़ी प्राथमिकता स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को सबसे बड़ी सौगात मिली है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए रिकॉर्ड 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया है। यह अब तक के अनुपूरक बजटों में सबसे ज्यादा है। प्रदेश में नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति को लेकर ये राशि खर्च की जाएगी।

### खास बातें

- मानसून सत्र में मोहन सरकार ने पेश किया पहला बजट
- स्वास्थ्य में 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया
- नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति पर होगा खर्च



### पूर्व मंत्री सचिन यादव बोले, चार साल में 60 हजार बच्चे गायब

बच्चों के लापता होने के मामले में पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि 4 साल के दरमियान 60 हजार बच्चे गायब होते हैं। 60 हजार बच्चों में हमारी 48 हजार बेटियां हैं। राजधानी में 2500 से 3000 के बीच का आंकड़ा है। चिंता का विषय है, पूरा तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा होता है। राजधानी में हमारे बेटे-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

## बजट में गृह विभाग और राहत कार्यों पर भी फोकस

गृह विभाग को 124.27 करोड़ रुपए और भू राजस्व, जिला प्रशासन, आपदा राहत जैसे मदों के लिए 98.87 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मानसून के मौसम में संभावित आपदाओं को देखते हुए यह बजट अहम माना जा रहा है। इसके साथ वन विभाग को 63.75 करोड़, कृषि को 9.21 करोड़ और पशुपालन विभाग को 1.67 करोड़ का बजट मिला है। हालांकि किसानों से जुड़ी योजनाओं को देखते हुए यह राशि कम मानी जा रही है।

### शहरी और जल संसाधनों पर निवेश

नगरीय प्रशासन विभाग को 171.51 करोड़ और जल संसाधन विभाग को 10 करोड़ मिले हैं। शहरी विकास को गति देने और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं पर यह खर्च होगा। लोक निर्माण विभाग को 100 करोड़ और उच्च शिक्षा को 11.43 करोड़ की राशि दी गई है। महिला एवं बाल विकास के लिए 7.92 करोड़ का फंड तय किया गया है।

### सदन में उठा डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा

*कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर संस्कृत भाषा में ध्यानाकर्षण किया। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भी शुरूआती जवाब संस्कृत भाषा में ही दिया।*

### अनुपूरक बजट पर 2 घंटे हुई चर्चा

*मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन में अनुपूरक बजट पर 2 घंटे चर्चा हुई, जिसमें पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी-अपनी बात रखी। जिसके बाद 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया गया।*

## लोधी ने कांग्रेस नेताओं पर लगाया 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप


पिछोर को जिला बनाने की मांग वाले एक प्रश्न में पिछोर के भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने एक नया खुलासा किया। उन्होंने पिछोर में कांग्रेस नेताओं समेत अन्य पर 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में 20 साल से कांग्रेस का विधायक रहा है, जिन्होंने सरकारी जमीनों (5 हजार बीघा) पर कब्जा कर लिया है। इसके लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाया जाए, किंतु अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया।दरअसल, मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में बुधवार को 25 में से कुल 12 प्रश्नों पर चर्चा हुई। इसमें दो सदस्य कांग्रेस के अजय सिंह व रामसिया भारती अनुपस्थित थे। प्रश्नकाल में कुल 10 प्रश्नों पर चर्चा हुई।



### 20 साल से आपकी सरकार है, जेसीबी क्यों नहीं चलाई?

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 20 साल से आपकी सरकार है। सरकार जेसीबी चला रही हैं, आदिवासियों को पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं, इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब में कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने इतने पट्टे नहीं दिए, जितने भाजपा की सरकार ने दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं आपको जवाब दे दूंगा, सरकार ने कितने आदिवासियों को पट्टे से हटाया है, झूठी बात की जा रही है। लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदिवासियों को आवास देकर छोटा सा जैसे ताजमहल दे दिया है।






### अनूपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका': सिंघार

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास विदेश यात्राओं के लिए बजट है, लेकिन जनता की समस्याएं सुनने के लिए न समय है न इच्छाशक्ति। सिंघार ने कहा कि हर बार विधानसभा सत्र की अवधि जानबूझकर छोटी रखी जाती है ताकि जनहित के मुद्दों से भागा जा सके। सरकार करोड़ों रुपए सत्र बुलाने पर खर्च करती है, लेकिन फिर भी जनता की आवाज को दबा देती है। उन्होंने कहा कि यह अनुपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका' है। सरकार मार्च 2025 से लेकर जुलाई तक लगातार कर्ज ले रही है। दूसरी ओर हर दिन डेढ़ करोड़ रुपए सिर्फ ब्रांडिंग पर खर्च किए जा रहे हैं। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सालाना 560 करोड़ रुपए प्रचार में खर्च हो रहे हैं, लेकिन कुपोषण, किसानों और गरीबों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। जनता के लिए ठोस पहल होना चाहिए।

### आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने पर फैसला होगा

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने के मामले में फैसला होगा। भाजपा विधायक लोधी ने राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पिछोर को जिला बनाए जाने का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि पिछोर को कब तक जिला बनाया जाएगा। इसके जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सामने यह प्रकरण विचाराधीन है। आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लिया जाएगा।*

### स्मार्ट मीटर का कमाल, अब दो सौ नहीं, दो हजार का बिल

*सिंघार ने कहा कि किसानों को खाद और बिजली नहीं मिल रही, सोशल ऑडिट नहीं हो रहा, जिससे जनता की वास्तविक समस्याएं सामने नहीं आ पा रही। वहीं स्मार्ट मीटर की गति पर सवाल उठाते हुए कहा कि 200 रुपए का बिजली बिल, दो हजार तक आ रहा है। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दर पर बिक्री हो रही है। सिंघार ने पूछा कि क्या सरकार की इसमें कोई भागीदारी है?, हजारों शिकायत आई, लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रहीं। ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है?।*

## 35 वर्षों बाद भी अधूरी पड़ी महेश्वर परियोजना: यादव

बुधवार को विधानसभा में महेश्वर जल विद्युत परियोजना के अधूरेपन और उससे जुड़े जनसरोकारों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने सरकार को घेरा। सचिन यादव ने ध्यानाकर्षण याचिका के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए बताया कि यह परियोजना 35 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी और इसमें जनता की लगभग तीन हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय हो चुकी है। वर्तमान में इसकी कीमत नौ हजार पांच सौ करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, बावजूद इसके यह परियोजना बंद पड़ी हुई है और इससे जुड़े लगभग दस हजार परिवार व सैकड़ों कर्मचारी आज भी अनिश्चितता में बदहाली का जीवन यापन कर रहे हैं। यादव ने कहा कि डूब प्रभावित सैकड़ों गांव आज भी पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। प्रभावितों को आवासीय प्लॉट आवंटित तो किए गए हैं लेकिन आज तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। परियोजना के कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन नहीं मिला, जिससे अधिकांश ने परियोजना स्थल छोड़ दिया है और वह अब लावारिस स्थिति में पड़ा है। सरकार ने परियोजना से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी की बात तो कही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उस राशि का उपयोग कहां और कैसे होगा। परियोजना को 2020 में बंद घोषित किया गया, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या इसे पुनः प्रारंभ किया जाएगा या नहीं। विधायक ने सरकार से यह भी पूछा कि इन गांवों के लिए कोई विशेष पैकेज देने की योजना है या नहीं। विधायक सचिन यादव ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावितों को न्याय देने की मांग की।



**विधानसभा में गूंजा महेश्वर परियोजना का मुद्दा**

### विधायक डॉ. पांडे ने संस्कृत में सवाल किया, तो मंत्री सिंह ने संस्कृत में दिया जवाब



विधानसभा में ध्यानाकर्षण में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने का मुद्दा उठा। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि संस्कृत स्कूलों के उन्नयन पर वे काम कर रहे हैं। ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। मुख्यमंत्री से बात करेंगे और वित्तीय व्यवस्था और कराएंगे। वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संस्कृत भाषा में किए गए एक प्रश्न पर अपनी बात करते हुए कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति नहीं और संस्कृति के बिना सनातन नहीं। उन्होंने कहा कि अनेक भाषाओं के बारे में अलग अलग संस्थान बने हैं, सदस्य के प्रश्न पर शासन की तरफ से उत्तर भी आया है। वे चाहेंगे कि सरकार उनकी भी कुछ बात सुनें। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि संस्कृत का उन्नयन हो। बल्कि यह विलुप्त होती जा रही है। इसे फिर से नवजीवन कैसे दे सकते हैं, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दरअसल, जबलपुर से भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने संस्कृत के विकास, स्कूलों में संस्कृत की पढ़ाई व नियुक्त शिक्षकों के बारे में स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न पूछा था। यह मामला उन्होंने ध्यानाकर्षण में उठाया। विभागीय मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने जवाब में कहा कि अशासकीय आवासीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रवृत्ति की योजना है। वर्ष 2022-23 से ही यह योजना चल रही है। उन्हें 8 से 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। करीब 3500 बच्चों को इसका लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि 2014 में महज 34 संस्कृत विद्यालय थे, अब यह बढ़कर 271 हो गए हैं। संस्कृत सप्ताह की नवाचार की व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यदि वित्त विभाग की अनुमति मिलेगी तो मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद इस तरह की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

### 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूं: भार्गव

*पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूं। किंतु दुख की बात है कि आज तक किसी भी प्रकार की शासकीय सहायता 22 वर्षों में मुझे एक पैसा भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आग्रह करूंगा कि शासकीय स्कूलों में पद बढ़ा रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा की संस्कृत का पुनर्जीवन करना है, तो ऐसी संस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से आगे आकर मदद करनी पड़ेगी। इसका समर्थन विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भी किया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि शैलेंद्र के आवास के निकट ही है, सहायता की क्या जरूरत है। भार्गव ने कहा कि वे चाहेंगे कि एक समिति बनाकर एक महीने में उसकी रिपोर्ट ले ली जाए और जो भौतिक रूप से चल रहे हैं उनकी सहायता करें। राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि राघोगढ़ में आवन ग्राम में आचार्य वाचस्पति शुक्ला संस्कृत विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समिति बनाई जाती है तो उन्हें समिति में स्थान दिया जाए।*

## ट्राले के आगे कूदकर महिला ने की खुदकुशी

ड्राइवर ट्राला छोड़कर फरार, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पाली दीपका मुख्य मार्ग बंधाखार पर एक महिला ने ट्रेलर के आगे कूदकर अपनी जान दे दी, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

जिसमें दिख रहा है कि महिला ट्रेलर के आगे कूद जाती है। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव



को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। वह मायके में रहती थी और कभी-कभी ससुराल जाया करती थी। वह अक्सर किसी न किसी बात को लेकर परेशान रहा करती थी। बुधवार की सुबह बैंक जाने के नाम से घर से निकली हुई थी। 40 वर्षीय कला बाई निजी कार्य से बैंक में पैसा निकालने के लिए आई थी। बैंक से राशि निकालने के बाद जब वह पास की दुकान से बाहर निकलीं, तभी पाली-दीपका मुख्य मार्ग पर ग्राम बांधाखार स्थित एसबीआई किओस्क बैंक के पास उसने एक ट्रेलर के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वहां राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## धमकी देकर नव विवाहिता से किया दुष्कर्म

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामनुजगंज

पीड़िता ने पुलिस से शिकायत में बताया, वह शादी के 15 दिन बाद अपने मायके में आकर रह रही थी कि ग्राम डूमरपान का अजय सिंह गोंड, जिसका उसके मायके के किराना दुकान में आना-जाना था। वह उसके पहले से जानती थी।

एक दिन जब वह किसी काम से घर से बाहर निकली थी। तभी आरोपी अजय उसे अकेला



देखकर बोला कि वह उससे शादी करना चाहता है, वह उसे पसंद करता है। और बाइक पर बैठने के लिए कहा। पीड़िता का आरोप है कि मना करने पर अजय ने उसके साथ मारपीट करने की धमकी दी, जिसके बाद पीड़िता बाइक पर बैठ गई। आरोपी ने उसके साथ जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया। वहां से वाड्रफनगर रूम में ले जाकर इसे 4 दिन तक अपने साथ रखा व कई बार दुष्कर्म किया और किसी के बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को सीएम ने किया संबोधित

# विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जीतें जनता का मन: डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश और जिले के विकास को सुनिश्चित करने में पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के जन-जन तक पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को और बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जुटें। विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जनता का मन जीतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की विभागवार सूची लेकर जनता के बीच जाएं और जिस व्यक्ति को जिस योजना का पात्र पाएं, उसे उसका लाभ दिलाने का प्रयास करें। पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जिलों में और ग्रामीण अंचल तक बेहतर क्रियान्वयन में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि सरकार अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा सके।

### संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की सेवा उतना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देश और जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। भाजपा का प्रदेश में संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, हम जनता की सेवा उतना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हमें जनता तक अपनी योजनाओं को पहुंचाने में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई रियायतें दे रही है। कार्यकर्ता सरकार के कार्यों और योजनाओं को जितना बेहतर तरीके से क्षेत्र में क्रियान्वयन करा पाएंगे, हम उतना ही बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश की जिला अध्यक्षों को सलाह, समन्वय बनाकर संगठन को आगे बढ़ाएं

### कार्यकर्ताओं की बात को सम्मान के साथ सुनें : खंडेलवाल

पार्टी के जिला अध्यक्ष परिवार के मुखिया की तरह सभी के साथ आपसी समन्वय से संगठन को आगे बढ़ाएं। जिला अध्यक्ष जिला कार्यालयों में कार्यकर्ताओं से मिलने का एक समय निश्चित कर उनकी बातों को सुनेंगे और चर्चा करेंगे तो संगठन को और मजबूती मिलेगी। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय मौजूद रहे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि मप्र का संगठन देश में एक आदर्श संगठन के रूप में है, इसका मुख्य कारण आप सभी कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा ही है। इस आदर्श संगठन को और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। जिस संगठन में आंतरिक अनुशासन जितना अच्छा होता है, वह संगठन उतना ही आगे जाता है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई कामकाजी बैठक

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए संगठन सर्वोपरि है। हम विचार परिवार के लिए कार्य करते हैं। सत्ता हमारे लिए जनता की सेवा का माध्यम है। हमें समन्वय से कार्य करते हुए सक्षम कार्यकर्ता को आगे लाना है, जिससे सत्ता और संगठन के कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके। हमारी भूमिका समन्वय और पालक की होनी चाहिए। सभी जिला अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बात को पूरी गंभीरता व सम्मान के साथ सुनें। आप कार्यकर्ताओं की बात को सुनेंगे, उनसे चर्चा करेंगे तो वह संगठन और भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक और अच्छे तरीके से पहुंचा पाएंगे।



### मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता: डॉ. सिंह

*भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हाल ही में एक सर्वे में 75 प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में शामिल हुए हैं, यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदिरा गांधी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। अब आजाद भारत में सिर्फ एक ही ऐसे प्रधानमंत्री बचे हैं, जो नरेन्द्र मोदी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रह चुके हैं। मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में आज तक 4083 दिन देश की सेवा करते हो गया, परंतु पीएम मोदी ने एक भी छुट्टी नहीं ली, यह बड़ी बात है।*

### कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम: हितानंद

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत हमने लगभग 1.75 करोड़ नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा है। एक पेड़ मां के नाम सहित अन्य कार्यक्रमों से उन्हें जोड़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। माय भारत यूथ वालंटियर्स कार्यक्रम के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय युवाओं को तलाशें। 10 से 14 अगस्त तक यात्राएं निकाली जाएं, जिनमें आमजन की भागीदारी हो। 13 से 15 अगस्त तक घरों और दुकानों पर पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा फहराएं। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों, सेनानियों के प्रतिमा स्थल आदि पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएं तथा युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका सम्मान करें।*

## जल जीवन मिशन के तहत चल रही समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# लापरवाही बरतने वाले 9 ठेकेदारों के टेंडर निरस्त कर किया ब्लैकलिस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कड़ा रुख अपनाते हुए लापरवाही और धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने 9 ठेकेदारों के टेंडर निरस्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि इस मिशन में किसी भी प्रकार की शिथिलता सहन नहीं की जाएगी।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई इस समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, सभी एसडीओ, सब इंजीनियर और ठेकेदार उपस्थित थे। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। कलेक्टर चतुर्वेदी ने सख्त लहजे में कहा, मिशन मोड में संचालित इस योजना के कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। हर माह प्रगति की समीक्षा और भौतिक सत्यापन के आधार पर मूल्यांकन होगा। जहां भी कार्य अपूर्ण या धीमी गति से पाया जाएगा, वहां अनुबंध शर्तों के तहत कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें तुरंत पंचायतों को हैंडओवर किया जाए, इसके लिए सीईओ जनपद और विभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम मापदंडों के अनुसार स्थल का भौतिक सत्यापन करें। जल स्त्रोत की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में बोर खनन कर वैकल्पिक जल स्त्रोत सुनिश्चित किया जाए। क्रेडा द्वारा संचालित सोलर विलेज योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर फंक्शनल नल कनेक्शन दिए जाएं। एक ही स्थान पर दो बार खुदाई से बचने के लिए सिंगल और मल्टी विलेज स्कीम में ठेकेदार आपसी समन्वय से कार्य करें।

### इन पर कार्रवाई के निर्देश

- मे. गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी
- मे. जितेश्वर साहू
- मे. अजय सेल्स
- मे. मुकुल मन्नत कंस्ट्रक्शन
- मे. आशीष ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन, रायगढ़ दुर्गेश चंद्रा
- मे. हरिकृष्णा कंस्ट्रक्शन
- मे. हीरादेवी, जांजगीर-चांपा

**नगर निगम में जनता का हल्ला बोल, अल्टीमेटम देकर लौटे, भाजपा के वार्ड में भाजपा के लोग ही परेशान**

## बारिश में मानस विहार लमती के वाशिंदों का फूटा सब्र का बांध

हरिभूमि, जबलपुर।

बारिश ने जहां राहत पहुंचाई, वहीं विजयनगर क्षेत्र अंतर्गत मानस विहार लमती कॉलोनी के लिए यह मुसीबत बनकर आई। जलभराव, दलदल में तब्दील सड़कों और सफाई व्यवस्था की बदहाली से परेशान रहवासियों ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। खेरमाई जनकल्याण विकास समिति के नेतृत्व में पहुंचे नागरिकों ने क्षेत्रीय पार्षद अर्चना सिसोदिया और निगम प्रशासन पर कॉलोनी की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। समिति अध्यक्ष शिवशंकर पांडे ने बताया कि कॉलोनी की 13 में से अधिकांश साइड रोड कीचड़ से लबालब हैं, और बारिश में स्थिति और बदतर हो जाती है। लोगों का कहना है कि कॉलोनी को निगम सीमा में शामिल हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाएं अब भी सपना बनी हुई हैं। सड़कों के हालात इतने खराब हैं कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। निगम प्रशासन कॉलोनी को अवैध बताकर पल्ला झाड़ता रहा है, जबकि रहवासी हर साल टैक्स भरते आ रहे हैं।

### चलने लायक नहीं बची सड़कें

समिति सचिव कार्तिक अग्निहोत्री ने क्षेत्र में बनी डामरीकृत और सीमेंटीकरण सड़कों की खराब गुणवत्ता को उजागर करते हुए पीडब्ल्यूडी और ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप लगाया। निर्माण के कुछ ही वर्षों में सड़कों में गड्ढे और दरारें पड़ चुकी हैं। शासन के वैधकरण नियमों के तहत दस्तावेज जमा करने के बावजूद कॉलोनी को वैध घोषित नहीं किया गया है। पार्षद के प्रति जनता में खासा आक्रोश है प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पार्षद को वार्ड की चिंता ही नहीं।



### नहीं तो करेंगे भूख हड़ताल

निगम अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे निगम मुख्यालय में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

## स्मार्ट मीटरों की 'एक्यूरेसी' पर संदेह....?

**टेक्निकल रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करने बिजली कंपनियों पर आरोप !**

जबलपुर।

स्मार्ट मीटरों के ''एक्यूरेसी'' (सही होने) पर संदेह इस कारण बिजली उपभोक्ताओं में फैला है, क्योंकि बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटरों की टेक्निकल रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की है।

यह आरोप नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, मानव अधिकार क्रांति संगठन, पेंशनर समाज आदि संगठनों ने बिजली कंपनियों पर लगाया है। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व में मैकेनिकल मीटरों को अलग कर उनके जगह इलेक्ट्रॉनिक मीटर इसलिए लगाए थे, क्योंकि मैकेनिकल मीटरों में मार्जिन ऑफ एरर 3 से 5 प्रतिशत था, जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीटरों में वह केवल 1 प्रतिशत था। किंतु अब जब इलेक्ट्रॉनिक मीटरों की जगह स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो इन नए मीटरों की एक्यूरेसी तथा मार्जिन ऑफ एरर बताया नहीं जा रहा है। इन मीटरों की टेक्निकल रिपोर्ट यदि सार्वजनिक की जाती तो यह सभी बिन्दु उपभोक्ताओं के सामने आते, लेकिन बिजली कंपनियों की चुप्पी से संदेह पैदा हुआ है। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि विद्युत प्रदाय संहिता के क्लॉज 8.14 में स्पष्ट निर्देश है कि मीटरों के एक्यूरेसी की जिम्मेदारी पूर्णतः बिजली कंपनियों की है, लेकिन बिजली कंपनियों ने बिजली सप्लाय कोड का उल्लंघन किया है। लिहाजा इसकी शिकायत नियामक आयोग को ई-मेल भेजकर की है। जनसंगठनों की बैठक में रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, आदि उपस्थित थे।

## सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की हुई बैठक

**जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर की सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक सभापति इन्द्रकुमार पटेल एवं अशासकीय सदस्यों की उपस्थिति में जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पालन प्रतिवेदन पर विभागों से चर्चा की गई। तदुपरांत मूँग, उड़द खरीदी, खाद व बीज की उपलब्धता व खाद्य अनाज आबंटन की समीक्षा की गई। साथ ही जिले की शासकीय वेयरहाऊस अनाज स्टॉक के सत्यापन, बड़खेड़ा वेयर हाउस की जाँच, बेरोजगार युवाओं की स्वरोजगार योजना और गेहूं खरीदी के रुके हुये भुगतान पर चर्चा कर जिले में मूंग खरीदी केंद्र बढ़ाये जाने, किसानों को समय पर भुगतान, खाद बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं उचित मूल्य की राशन दुकानें बढ़ाने के निर्देश दिये गये।



## गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की कायस्थ महासभा ने मनाई जयंती

**जबलपुर।** मुंशी प्रेमचंद जी का साहित्य आज भी प्रासंगिक है उनके द्वारा अपने साहित्य में जो चित्रण किया गया है आज भी समाज को आईना दिखाकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिये प्रेरणादायी है, वहीं गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी अपने साहित्य के माध्यम से समाज के प्रति कर्तव्य बोध, मर्यादा, सदाचरण, एवं आत्मीय भाव को जन-जन तक बड़े ही सहज रूप पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया है आज कायस्थ कुलगौरव मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर हम उन्हें शत्-शत् नमन करते है। उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव जी ने महासभा द्वारा आयोजित कायस्थ कुलगौरव मुशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर व्यक्त किये। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ रेनू श्रीवास्तव, एड. भानू श्रीवास्तव,, श्रीमती ममता श्रीवास्तव, एड.स्मृति सिन्हा, नवनीत श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव, नीलेश भटनागर, आदि ने भी मुशी प्रेमचंद जी एवं गोस्वामी तुलसीदास जी को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।

## निगम मंडलों में नियुक्तियों को दिल्ली की हरी झंडी का इंतजार

**जबलपुर।** भाजपा नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक अनुशासन को लेकर जिला अध्यक्षों और मंत्रियों को फटकार लगाने के चंद दिनों बाद ही अब पार्टी के भीतर सत्ता-संगठन के संतुलन की अगली बड़ी परीक्षा शुरू हो गई है। जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में निगम-मंडलों, बोर्ड और आयोगों में बहुप्रतीक्षित राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। ऐसे में जबलपुर भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और टिकट से वंचित दावेदार बड़ी उम्मीद से भोपाल में होने वाली इस 'निर्णायक बैठक' की ओर देख रहे हैं। गौरतलब है की प्रदेश भाजपा के सामने जबलपुर में राजनीतिक संतुलन, सामाजिक प्रतिनिधित्व और संगठनात्मक निष्ठा का संगम साधने की चुनौती सामने है। अगर पार्टी इस अवसर पर पुराने सिपाहियों को सम्मान देती है, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि भाजपा अब अपने ही तय अनुशासन पर अमल के लिए गंभीर है।

गौरतलब है की पिछले हफ्ते राजधानी भोपाल में दो अहम बैठकों में भाजपा के शीर्ष नेताओं ने साफ शब्दों में

**भोपाल में दो बड़ी बैठकों के बाद नाम दिल्ली पहुंचे**

जिला अध्यक्षों और मंत्रियों को उनकी "सीमा" याद दिलाई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने मंच से स्पष्ट कर दिया था कि पार्टी पद संगठन का है, न कि पारिवारिक विरासत का। जिला अध्यक्षों को कहा गया था कि वे अपने बेटों या परिजनों को बैठकों में न भेजें और संगठनात्मक कामों पर फोकस करें। वहीं मंत्रियों से भी स्पष्ट निर्देश मिले थे कि वे जिलों में सक्रियता बढ़ाएं, बूथ तक पहुंचें और कार्यकर्ताओं से संवाद करें। सूत्रों के मुताबिक बैठकों में वन टू वन निगम मंडलों की नियुक्तियों के संबंध में चर्चा की गई और जमीनी समीकरण पर मंथन हुआ। वहीं बैठकों में सत्ता और संगठन के हावभाव ने यह संकेत दिया कि पार्टी अब केवल संगठन के प्रति निष्ठा और जमीनी सक्रियता के आधार पर ही जिम्मेदारी सौंपेगी। अब जबकि निगम-मंडलों में नियुक्तियों की घड़ी नजदीक है, सभी की नजर इस बात पर है कि क्या सच में संगठन की बातों को तरजीह दी जाएगी या फिर पुरानी परंपराएं दोहराई जाएंगी।

### जबलपुर के लिए सुनहरा मौका

जबलपुर की राजनीतिक तस्वीर को देखें तो यहां कई दावेदार हैं, जो चुनावी राजनीति अलग अलग कारणों से पीछे रह गये हैं। लेकिन संगठन के लिये दशकों से समर्पित हैं।

## पूरे जांच में सूटेबल पाए गए कॉलेजों का रिकॉर्ड स्कैन कर पेश करें

**नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में हाईकोर्ट का सीबीआई को निर्देश**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में सीबीआई को निर्देश दिए कि पूर्व में जांच में सूटेबल पाए गए कॉलेजों का रिकॉर्ड स्कैन कर पेश करें। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने सीबीआई को यह भी कहा कि स्कैन करने के बाद उक्त रिकॉर्ड याचिकाकर्ता को भी उपलब्ध कराएं। इस काम के लिए राज्य शासन आवश्यक संसाधन व सहायता उपलब्ध कराएगी। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड की सुरक्षा का जिम्मा सीबीआई का होगा। स्कैनिंग का कार्य किसी सीबीआई अधिकारी के निर्देशन में कराया जाए। अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में हाईकोर्ट ने 3 जुलाई को सीबीआई को निर्देश दिये थे कि नर्सिंग कॉलेजों की जाँच से जुड़ी सभी फ़ाइलें स्कैन कर एक प्रति याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराई जाए। इस मामले में सीबीआई ने एक आवेदन प्रस्तुत कर कोर्ट को बताया था कि सीबीआई के पास 800 कॉलेजों के लगभग 1 लाख से ज्यादा दस्तावेज हैं इतनी बड़ी संख्या में दस्तावेज स्कैन करने के संसाधन और मैन पॉवर नहीं है। सीबीआई की ओर से यह दलील भी दी गई कि डाटा दिये जाने से उसके दुरुपयोग की संभावना है।



## जन कल्याण न्यास का निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन

**जबलपुर।** जयप्रकाश नगर, दुर्गा मंदिर परिसर (मंगलम दुर्गा मंदिर) में प्रशिक्षण ब्यूटीशियन अरुणा मैडम एवं सहयोग से 50 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गयाद्वारा महिलाओं को सेलिब्रिटी स्टाइल ब्यूटीशियन कोर्स के रूप में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की अनेक मातृशक्तियों और बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और व्यावसायिक ब्यूटीशियन कौशल को आत्मसात किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में जन कल्याण न्यास की संयोजिका श्रीमती सीमा साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण महिलाओं में छुपी कौशलता को निखारता है एवंआत्म निर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करता है। इस अवसर पर मीना राय दीदी द्वारा मंदिर में व्यवस्था करने और महिलाओं को एकत्रित करने में सहयोग प्रदान किया पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जन कल्याण न्यास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की महिला सुरक्षा एवं सम्मान एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है।



**10वां अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो**

## व्हीएफजे में निर्मित नव-विकसित हल्के बुलेटप्रूफ वाहन एलबीपीवी 4x4 का किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** एवीएनएल ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में अपने नव-विकसित हल्के बुलेटप्रूफ वाहन (एलबीपीवी 4x4) का प्रदर्शन किया। इस बख्तरबंद वाहन को एवीएनएल के जबलपुर स्थित वाहन निर्माणी के डिज़ाइन एवं विकास केंद्र में स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। यह वाहन MHA एवं Army के लिए अत्यधिक कारगर है तथा इससे संवेदनशील इलाकों में हमारे जवानों को सुरक्षित लॉजिस्टिक सपोर्ट मिलेगा। यह मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एवीएनएल द्वारा किए गए प्रयासों का प्रमाण है। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर की ओर से निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, कार्य प्रबंधक गौरव दीक्षित एवं उनकी टीम इस नव विकसित वाहन को लेकर दिल्ली के अंतराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में शामिल हो रहे हैं।




**मिशन स्वच्छ जबलपुर को लेकर नागरिकों में उत्साह**

## जबलपुर में मनाया जायेगा स्वच्छता महोत्सव

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की पहल पर स्वच्छता महोत्सव का आयोजन शहर में किया जा रहा है, जिसमें शहर के सभी नागरिकों की भागीदारी के अलावा अधिवक्ताओं, डॉक्टर्स, उद्योगपतियों, व्यापारियों, कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने के मिल रहा है.स्वच्छता महोत्सव के संबंध में महापौर अन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 1 अगस्त को शहर के हजारों प्रतिष्ठानों में विशेष छूट का भी प्रावधान ग्राहकों के लिए, किया गया है। यह प्रावधान व्यापारी वर्गों के पदाधिकारियों ने नगर निगम जबलपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में मिली ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए किया गया है। महापौर ने बताया कि बिल्डर्स, ज्वेलरी शॉप, होटल जैसे अनेक प्रतिष्ठानों के संचालक द्वारा 1 दिन का विशेष छूट देने की योजना बनाकर स्वच्छता महोत्सव को उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया है। महापौर श्री अन्नू ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों और प्रतिष्ठानों में नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता महोत्सव के तहत आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से संवारने का कार्य कर स्वच्छता महोत्सव में अपनी बहुमूल्य भागीदारी करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि जबलपुर नगर निगम को स्वच्छता प्रतियोगिता में देश में 5वाँ स्थान के साथ 7 स्टॉर रैंकिंग, वायु गुणवत्ता में देश में दूसरा, वॉटर प्लस सिटी और गार्बेज फ्री सिटी का भी दर्जा मिला है।



## माढोताल और गौ वंश संरक्षण पर सरकार से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र जारी है. जबलपुर के उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पांडे सबसे सक्रिय विधायक के तौर पर पूरे प्रदेश में चर्चा में हैं. पहले उन्होंने संविदा कर्मियों की नियुक्ति एवं सुरक्षित भविष्य के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। फिर उन्होंने संस्कृत को व्यवसायिक पाठ्यक्रम से जोड़ने की मांग संस्कृत में उठाई।अब डॉ पाण्डेय ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास योजनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगे। उनके प्रश्न मुख्यत गौ-माताओं के उत्थान, लीज होल्ड भूमि का फ्री होल्ड में परिवर्तन, तालाबों के जीर्णोद्धार, और चौराहों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण से संबंधित थेगौ-कल्याण व डेयरी विकास के संबंध में डॉ. पाण्डेय ने स्वावलंबी गौ-शालाओं की नीति, चारा अनुदान, और डेयरी कैपिटल योजना की जानकारी मांगी। राज्य मंत्री पशुपालन लखन पटेल ने बताया कि चारा अनुदान 20 से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन किया गया है। मुख्यमंत्री गौरक्षा संकल्प सम्मेलन में शुरू की गई 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों से अब तक 2.22 लाख गौ-माताओं को लाभ मिला है।लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने के प्रश्न पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि अभी तक कोई भूमि फ्री होल्ड में परिवर्तित नहीं की गई है।

**मानसून सत्र में विधायक अभिलाष पांडे ने उठाए सवाल**

## हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**15 हजार का इनामी बदमाश रविन्द्र पटेल राइट टाउन से पकड़ा गया**

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस ने कुख्यात अब्दुल रज्जाक गैंग के एक और फरार इनामी बदमाश रविन्द्र पटेल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित था और वह थाना ओमती में दर्ज गंभीर धाराओं वाले एक आपराधिक मामले में फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार, थाना ओमती के अपराध क्रमांक 101/2024 में धारा 147, 148, 149, 150, 458, 323, 324, 506, 327, 363, 365, 384, 386, 420, 395, 120-बी भादंवि के तहत दर्ज मामले में रविन्द्र पटेल की लंबे समय से तलाश की जा रही थी।

### कप्तान ने 10, डीआईजी ने किया 15

प्रारंभ में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में डीआईजी अतुल सिंह द्वारा बढ़ाकर 15 हजार कर दिया गया।

### घर पर छुपा बैठा मिला

पुलिस ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी। अंततः दिनांक 31 जुलाई 2025 को मुखबिर की सटीक सूचना पर राइट टाउन में दबिश देते हुए आरोपी रविन्द्र पटेल पिता भूपत सिंह पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी हिमगिरि अपार्टमेंट, स्टेडियम रोड, राइट टाउन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे विधिवत अभिरक्षा में लेते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गिरोह के अन्य सदस्य पहले ही गिरफ्तार

गौरतलब है कि 10 जुलाई 2025 को जबलपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अब्दुल रज्जाक गैंग के चार सक्रिय सदस्यों बेटा सरफराज, भतीजा मोहम्मद महमूद, अजहर, मोहम्मद सज्जाद को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से बीएमडब्ल्यू कार, मर्सिडीज कार, एक पिस्टल और कारतूस बरामद किए थे।

### 25 को दिलीप को धरा

इसके अलावा 25 जुलाई को इसी गैंग के एक और इनामी सदस्य दिलीप चौधरी (पिता कंधीलाल चौधरी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम आगासौद, माढ़ोताल) को गिरफ्तार किया गया था, जिस पर 18 हजार का इनाम घोषित था।

### टीम की उल्लेखनीय भूमिका

फरार इनामी बदमाश को पकड़ने में टीआई ओमती राजपाल बघेल, एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामजी, दीपक मिश्रा, आरक्षक शिव सिंह, सुनील पटेल, अश्वनी, तथा महिला आरक्षक प्रमिला व प्रीति की सराहनीय भूमिका रही।

**पार्थिव शिवलिंग, रुद्राक्ष, भस्म और बिल्वपत्र की महिमा से भक्त हुए भावविभोर, शंकराचार्य मठ में उमड़ा आस्था का सागर**

# शिव महापुराणः धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का अक्षय स्रोतः ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को शिवतत्व की दिव्यता और जीवनोपयोगी शिक्षाओं से परिचित कराते हुए कहा कि शिव महापुराण एक ऐसा अद्वितीय ग्रंथ है जो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कराता है। यह ग्रंथ न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का मार्ग दिखाता है, बल्कि सांसारिक जीवन की जटिलताओं से भी मुक्ति दिलाता है।

## पार्थिव शिवलिंगः सुख-समृद्धि और आरोग्यता का स्रोत

कथा के आरंभ में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसका विधिपूर्वक दुग्धाभिषेक एवं बिल्वपत्र अर्पण किया गया। ब्रह्मचारी जी ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से धन, धान्य, आरोग्य और संतान की प्राप्ति होती है। उन्होंने इसे शारीरिक, मानसिक और आत्मिक कष्टों से मुक्ति का सशक्त माध्यम बताया। कथा पंडाल शिवमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

## रुद्राक्षः शिव के आंसुओं से उत्पन्न अमूल्य धरोहर

महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि रुद्राक्ष, भगवान शिव के अश्रु से उत्पन्न हुआ है और इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है और नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा मिलती है। यह श्रद्धालु को भय, मोह, क्रोध और भ्रम से ऊपर उठाकर आत्मिक शांति की ओर ले जाता है।



## भस्म-बिल्वपत्रः विरक्ति और त्रिगुणात्मक मुक्ति का प्रतीक

कथा में भगवान शिव के विशिष्ट अंग भस्म की महत्ता को भी विस्तार से बताया गया। ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भस्म केवल शरीर पर लगाया जाने वाला पदार्थ नहीं, बल्कि वैराग्य, निर्मलता और मृत्यु बोध का प्रतीक है। यह आत्मा को सांसारिक माया से ऊपर उठाकर शिवत्व के समीप लाता है।बिल्वपत्र की त्रिपत्रीय संरचना त्रिदेव- ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा सत्व, रज और तम गुणों की प्रतीक है। यह मनुष्य को अहंकार और सांसारिक बंधनों से मुक्ति का संकेत देता है।

## शिव महापुराणः परमात्मा की गति देने वाला ग्रंथ

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने शिव महापुराण की संरचना के बारे में बताया कि इसमें 24 हजार श्लोक और 7 संहिताएं हैं। यह ग्रंथ केवल धार्मिक जानकारी का स्रोत नहीं, बल्कि परब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति का साधन है। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक इसका पाठ करता है, वह इस लोक में समस्त भोगों को भोगकर अंततः शिवलोक की प्राप्ति करता है। यह ग्रंथ सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग है।

## श्रद्धा और भक्ति का अद्वितीय संगम

कथा में भक्तों की सहभागिता अत्यंत उल्लासपूर्ण रही। कथा स्थल को सुंदर फूलों और द्वार सज्जा से सजाया गया था। भजन-कीर्तन के साथ वातावरण संगीतमय और शिवमय बना रहा। आयोजन में भाग लेने वालों की श्रद्धा ने इसे एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्सव में बदल दिया।

## यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, अमित प्रतीक्षा सिंह, मनीष दीप्ति, नीता पटेल, विजय-उषा कटारिया, लोपामुद्रा, कस्तूरी कांचन, ऋचा मिश्रा, रमेश-चित्रा महावर, वसुंधरा पांडेय, आराधना आशीष चौकसे, प्रीति नेहा साहू, मधु मिश्रा, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, सुनील गुप्ता, गौरव चौबे, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

# कलेक्टर ने शंकर शाह व रघुनाथ शाह म्यूजियम का निरीक्षण किया

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह म्यूजियम के संचालन व प्रबंधन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को म्यूजियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि म्यूजियम सुरक्षित रहे, बेहतर रूप से संचालित हो तथा दर्शको की संख्या बढ़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि म्यूजियम सुचारू रूप से चले, इसके लिए संग्रहालय के मुख्य द्वार व इसके आसपास राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह म्यूजियम के बोर्ड लगाने और इसका प्रचार -प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अगस्त माह में दर्शको को म्यूजियम में निःशुल्क प्रवेश हो। इसके बाद टिकिट व्यवस्था शुरू करें। दर्शको के संख्या बढ़ने के उपक्रम में उन्होंने म्यूजियम परिसर में कैफेटेरिया शुरू करने के लिए भी कहा। इसके अलावा म्यूजियम की साफ-सफाई व संपूर्ण प्रबंधन व्यवस्था को आकर्षक बनाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# गोस्वामी तुलसीदास का कृषि वैज्ञानिक चिंतन है अद्भुतः डॉ. ब्रजेश दीक्षित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के मृदा विज्ञान विभाग में आयोजित की गई। इस मौके पर विभागाध्यक्ष, आचार्य डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने विविध दृष्टांतों से सिद्ध किया है कि गोस्वामी तुलसीदास के काव्यों में कृषि उद्यानिकी, वानिकी, पर्यावरण तथा जल संचयन के बहुत संदर सूत्र संकेत रूप में प्राप्त होते हैं। समस्याग्रस्त मृदाओं में फसलोत्पादन अत्यंत कठिन है। ऊसर भूमि में तृण तथा बीजांकुरण भी संभव नहीं हो पाता। यथा- ऊसर बरषई तृन नहीं जामा। ऊसर बीज बाए फल जथा।। वहीं उर्वर भूमि तृन संकुलित होती है- हरित भूमि तृन संकुलित, समुझ परई न पंथ।। इसी कारण कृषि निरावहीं चतुर किसाना। धान पकने की स्थिति में शारदीय वृष्टि का महत्व बताते हुए तुलसीदास जी ने लिखा कहुँ कहुँ दृष्टि शारदी थोरी सूखत धान परा जनु पानी।। ऐसे अनेक उद्धरणों से डॉ. दीक्षित ने गोस्वामीजी भूमि एवं जल विज्ञान संबंधी तथ्यों को प्रकट किया। वहीं प्रो. डॉ. एच.के. राय ने गोस्वामी के अवतरण एवं उनके काव्यों की सामाजिक उपादेयता पर प्रकाश डाला। डॉ. शैलू यादव ने उनके जीवनवृत्त का वर्णन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन चेप्टर के सचिव डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. आर.के. साहू कर्मचारी तथा छात्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# केनरा बैंक ने 10 दिनों में किया क्लेम सेटल

## दिवंगत रेलकर्मी की पत्नी को मिला सैलरी पैकेज का लाभ

**जबलपुर।** केनरा बैंक ने अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल में कार्यरत सहायक मंडल वित्त प्रबंधक (ADFM) स्व. राजेश कुमार कोरी की प्राकृतिक मृत्यु पर मात्र 10 दिनों में उनकी पत्नी श्रीमती पूर्णिमा कोरी को सैलरी पैकेज के अंतर्गत क्लेम राशि प्रदान की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत एवं सहायक कार्मिक अधिकारी सचीपति नंदन उपस्थित रहे। केनरा बैंक की ओर से रीजनल मैनेजर आर.डी. शर्मा, मंडल प्रबंधक श्रीमती नैंसी वर्गीज, शाखा प्रबंधक मोहित तिवारी एवं विकास सैनी ने स्व. कोरी के निधन पर शोक व्यक्त किया और बैंक में सैलरी खाता होने के लाभों को रेखांकित किया। मंडल रेल प्रबंधक श्री तलरेजा ने त्वरित क्लेम सेटलमेंट के लिए केनरा बैंक का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और बैंक की तत्परता की सराहना की।

## नलों से आ रहा पीने का गंदा पानी : मुविप

**जबलपुर।** मुस्लिम विकास परिषद ने नगर निगम आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मुस्लिम बहुल क्षेत्र के आठ वार्डों में नलों से पीने का गंदा व मटमैला पानी आ रहा है, वहीं गंदगी की वजह से मच्छरों का आतंक है, जिससे मनमानस के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार वरिष्ठ हाजी मुईन खान, अशफाक आरिफ, इश्तियाक अंसारी, निजाम खान, फैजान कुरैशी, सलीम खान, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, मुज्जफर कुरैशी, मो. ख्वाजा मदीन, अहमद रजा, नौशाद खलीफा सहित अन्य ने बताया कि अशफाक उल्ला वार्ड, मोतीलाल नेहरू वार्ड, जाकिर हुसैन वार्ड, ठक्कर ग्राम वार्ड, मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड आदि जगहों में नलों से दूषित पानी आ रहा है। इसके अतिरिक्त कई क्षेत्रों में पानी की वर्षों पुरानी जर्जर पाइप लाइन नालियों के अंदर से गई है जिससे नलों में गंदा पानी प्रवेश कर रहा है।

# चौथी सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ




**जबलपुर।** चौथी सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में दिनांक 28 से 29 जुलाई को आरंभ हुआ जिसमें कुल खिलाड़ी 150 कुल जिले 22 भार वर्ग अलग-अलग विजेता का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता नोएडा के लिए किया गया, जिसमें जबलपुर जिले से 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने मैडल जीते, महिला वर्ग की दो खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता। रानीताल क्लब कोच परमजीत सिंह एवं नूपुर पांडे ने शानदार अपनी टीम का नेतृत्व किया। 43 किग्रा में अमित गुप्ता गोल्ड मेडल, 56 से 55 किलोग्राम में आचमन पांडे गोल्ड मेडल, 61 से 64 किलोग्राम में दैविक नैनोरिया गोल्ड मेडल, 80 से अधिक में ऐश्वर्या राजशेखर, 46 से 49 किग्रा में शुभ विश्वकर्म सिल्वर मेडल, 40 से 49 किग्रा में उद्देश्य ठाकुर, 30 से 35 किलोग्राम में पीर सोनकर, 33 से 35 किलोग्राम में देव नामदेव ब्रांज मेडल, 30 से 33 किग्रा में एकनूर कौर ब्रांज मेडल, जबलपुर बॉक्सिंग क्लब जेडीबी राइट टाउन स्टेडियम कोच विकास दुबे जितेंद्र को 33 से 35 किलोग्राम में क्वार्टर फाइनल ग्वालियर से रस जीतकर सीधी जिले के बॉक्सर को नॉकआउट पहले राउंड में हराकर सिल्वर मेडल और नर्मदा क्लब जबलपुर को हराकर गोल्ड मेडल जीता।



# लक्ष्मी सरोकार समिति ने चंद्रमौलेश्वर जलाभिषेक कांवड़ यात्रा निकाली

**जबलपुर।** लक्ष्मी सरोकार समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के पावन अवसर पर 31 जुलाई को ग्वारीघाट से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ कर स्वामी नरसिंह दास, चैतन्यानंद, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, लेखराज सिंह 'मुन्ना भैया', श्रीमती माला सिंह, यामनी सिंह, श्रद्धा दुबे, कीर्ती अभिलाष पांडे के संरक्षण में चंद्रमौलेश्वर मातृ शक्ति परिवार के सानिध्य में एवं अणिमा भार्गव की अध्यक्षता में महिलाओं के द्वारा भव्य जल अभिषेक कांवड़यात्रा निकाली गई। यात्रा में बहिनों द्वारा गीत-संगीत के साथ ही जय महाकाल डमरू दल विशेष आकर्षण का केन्द्र बने एवं शिव जी की महिमा का गुणगान किया और जगह-जगह यात्रा का अलग-अलग संस्थाओं एवं रोटरी के द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा में शहर की सभी पार्षद बहिनों के साथ ही महिला मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी और सभी सामाजिक संस्थाओं ने भाग लेने के साथ ही विशेष सहयोग प्रदान किया। यात्रा का विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। साथ ही चंद्रमौलेश्वर परिवार युवा टीम द्वारा यात्रा में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# समर्पित सेवा को सम्मान के साथ दी विदाई




**हरिभूमि, जबलपुर।** आप सभी की सेवा निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता जबलपुर पुलिस के लिए प्रेरणास्त्रोत रही है। जिस गरिमा और स्वास्थ्य के साथ आपने विभाग में सेवा दी, वैसी ही सुखद सेवानिवृत्ति की कामना हम सभी करते हैं। यह बात 62 वर्ष की सेवा आयु पूर्ण करने पर जबलपुर पुलिस विभाग में पदस्थ 11 अधिकारियों-कर्मचारियों को गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई के दौरान एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने कहीं। कार्यक्रम में उनकी 35 से 42 वर्षों की निष्कलंक सेवा को नमन करते हुए स्मृति चिन्ह और शासकीय दस्तावेज सौंपे गए। समारोह में कार्यवाहक डीएसपी सत्येन्द्र मोहन उपाध्याय, एसआई रमेश बेलवंशी सहित कुल 11 सेवानिवृत्त अधिकारियों को एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी ट्रैफिक सुश्री अंजना तिवारी एवं एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया। रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया की उपस्थिति में सभी अधिकारियों को पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा व अन्य लाभों से संबंधित दस्तावेज सौंपे गए।

# गोस्वामी तुलसीदास व मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई




**जबलपुर।** संत अलायसियस महाविद्यालय की हिन्दी साहित्य सभा द्वारा हिन्दी साहित्य जगत के लोकप्रिय साहित्यकारों गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संदेश में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एवं प्रेमचंद हिन्दी साहित्य की महान विभूतियां हैं जिन्होंने समाज को दिशा देने एवं जीवन मूल्यों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका चिंतन अनुकरणीय और प्रासंगिक है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र तरुण कुमार नाहर के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास पर एवं सोनम अहिरवार द्वारा मुंशी प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दी साहित्य सभा के प्रभारी डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रीना थॉमस एवं डॉ. अभिलाषा शुक्ला की भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन मेकल दीक्षित ने किया।

# रुद्राभिषेक के समापन पर भंडारे का आयोजन 2 को


**सिहोरा।** वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद बेबी विनय श्रीपाल द्वारा निज निवास ज्वालामुखी रोड के सामने स्थित शिव मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर 11 जुलाई से लगातार जारी शिव पूजन एंव रुद्राभिषेक,अभिषेक के पूर्ण होने पर 2 अगस्त को संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कन्या भोजन एंव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी से पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील समाजसेवी कोडीलाल श्रीपाल,विजय श्रीपाल,विनय श्रीपाल,रज्जू श्रीपाल आदि भक्तों ने की है।

## संत रविदास विचार मंच की संयुक्त महारैली आज

**जबलपुर।** संत शिरोमणि रविदास विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष एड. प्रहलाद चौधरी ने बताया कि आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के तत्वावधान में 01 अगस्त को विशाल संयुक्त रैली संविधान की प्रस्तावना से छेड़छाड़ के विरोध एवं ओबीसी का होल्ड किया गया 13 प्रतिशत आरक्षण बहाल करने की मांग पर निकाली जाएगी। रैली दोपहर एक बजे सिविक सेंटर से प्रारंभ होगी। यह जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी, डॉ. मानक लाल जाटव, तेजकुमार भगत, एड. संकेत चौधरी, शिवनाथ आलम, तरुण रोहितास, बलीराम सूर्यवंशी ने प्रेस वार्ता में दी।




**श्रीमती मुन्नी अवस्थी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार अवस्थी की धर्मपत्नी तथा सनील, प्रमिल व सुभाष अवस्थी की मां श्रीमती मुन्नी अवस्थी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री जगदीश प्रसाद रैकवार-** मड़ई व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री जगदीश प्रसाद रैकवार (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सारिका सिंह राजपूत-** अच्छे मियां का बाड़ा शीतलामाई सरकारी कुआं रोड निवासी श्री राजेश सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती सारिका सिंह राजपूत (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**प्रंकित पांडे-** बिलहरी निवासी श्री प्रदीप पांडे के अल्पायु पुत्र प्रंकित पांडे (08) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिल्पी ढुकरल-** व्यंकटेश विहार शारदा चौक निवासी श्री सपन ढुकरल की धर्मपत्नी श्रीमती शिल्पी ढुकरल (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चंद्र भूषण शर्मा-** दुबे कम्पाउंड रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री चंद्र भूषण शर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई मेहदेल-** चंडालभाटा ननिज क्वाटर्स निवासी श्री छेदी लाल मेहदेल की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई मेहदेल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती आरती पटेल- पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री शिव कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती आरती पटेल (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विमल सैनी- मदनमहल कालीमठ वीर सावरकर वार्ड निवासी श्री विमल सैनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम कुमार बर्मन-** छापर बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री राम कुमार बर्मन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागचंद काले-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री भागचंद काले (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती भागवती सेठी-** एलआईजी 633, धनवंतरी नगर निवासी श्री अशोक कुमार सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती सेठी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्पना गुप्ता-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री कैलाशचंद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता यादव-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री गंगाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता यादव (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश श्रीपाल-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सुरेश श्रीपाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रमेश श्रीवास्तव-** रिठौरी वर्धाघाट खमरिया निवासी श्री रमेश श्रीवास्तव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरिता देवी-** मां नर्मदे नगर बिलहरी निवासी श्री अनिल कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता देवी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव-** पोलीपाथर बजरिया निवासी श्री प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता विश्वकर्मा-** सुराही बिल्डिंग अधारताल निवासी श्री रमेश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता विश्वकर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती वर्षा बर्मन-** राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा रोड निवासी श्री दुर्गेश बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती वर्षा बर्मन (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
विज्ञापन साइजः- सी.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
विज्ञापन साइजः- सी.मी. रंगीन 400/-
विज्ञापन साइज सी.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-9303508294, 9407362100

# किसानों का प्रतिनिधी मंडल प्रशासनिक अधिकारियों से मिला

## समस्याओं के संबंध में सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** किसानों की समस्यायों के निराकरण हेतु किसान यूनियन एंव प्रशासनिक अधिकारियों की बीच वार्ता का आयोजन तहसील कार्यालय के सभागार में किया गया।बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र अहाके,तहसीलदार रुपेश्वरी कुंजाम सहित मण्डी सचिव सविता धुर्वे, नर्मदा घाटी एसडीओ ओमकार मेश्राम सहित अन्य अधिकारी एंव भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार ने कहा कि किसने की समस्या का शासन स्तर एवं जिला स्तर से हर संभव निराकरण कराया जाएगा।

वार्ता में उपस्थिति लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामों से आए किसानों की मुख्य समस्या विद्युत आपूर्ति की रही। ट्रांसफार्मर बार-बार की ट्रिपिंग एवं सड़ी गली केबलों से की जा रही विद्युत आपूर्ति के कारण होने वाली फाल्ट 5 से 10 फीट ऊपर झूलती विद्युत केबल को लेकर किसानों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। विद्युत वितरण कंपनी आउटसोर्स कर्मचारी की दम पर मेंटेनेंस के नाम पर कटौती तो करती है लेकिन लाइनों का मेंटेनेंस नहीं करने का खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जबलपुर के तत्वाधान में किसानों ने समस्यायों के निराकरण की मांग का ज्ञापन भी सोंपा ज्ञापन। जिसमें मुख्य रुप से मूंग की खरीदी में स्लॉट बुकिंग की समस्या , विद्युत आपूर्ति एवं ट्रांसफॉर्मर की समस्या, नहरों के रखरखाव की समस्या एंव लगातार हो रही बर्षा के कारण गांव में जल भराव की स्थिति से निपटने तथा मंडी खरीदी में किसानों के साथ हो रहे पक्षपात पूर्ण रवैये को लेकर एवं किसानों की अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की। भारतीप किसानन युनियन जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल, चंद्रजीत पटेल, वीरेंद्र पटेल, आशीष पटेल, सतीश पटेल, भारत पटेल, ओम प्रकाश पटेल, रवि तिवारी, बृजेंद्र पटेल, नारायण रामकुमार, गोकुल पटेल, मनीष पटेल, सुभाष पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# ट्रंप टैरिफ से संकट में भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जा सकती है लाखों नौकरियां!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

- हैंडमेड ज्वेलरी का निर्यात इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित होगा

देश की ज्वेलरी इंडस्ट्री, जो हर साल अरबों डॉलर का एक्सपोर्ट करती है और लाखों लोगों को रोजगार देती है, अब गहरे संकट में है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि खासतौर पर हैंडमेड ज्वेलरी का निर्यात इस फैसले से बुरी तरह प्रभावित होगा। उनका कहना है कि पहले जब 10 प्रतिशत टैरिफ लगा था, तब ही करीब 50,000 लोगों की नौकरियां खतरे में पड़ गई थीं। अब जब यह टैरिफ 25 प्रतिशत तक पहुंच गया है, तो एक लाख से अधिक रोजगार पर सीधा असर पड़ सकता है।

## जब 10 फीसदी टैरिफ लगा तो 50 हजार की नौकरियां खतरे में पड़ी थी

### अमेरिका को 9.9 अरब डॉलर का ज्वेलरी निर्यात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत ने पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को लगभग 9.9 अरब डॉलर मूल्य के रत्न और आभूषण निर्यात किए थे। अमेरिका इस सेक्टर के लिए सबसे बड़ा बाजार है। लेकिन अब 1 अगस्त से लागू होने जा रहे नए टैरिफ के बाद भारत की हैंडमेड और एक्सक्लूसिव डिजाइन वाली ज्वेलरी अमेरिका में महंगी हो जाएगी, जिससे ऑर्डर घटने की आशंका है। रोकड़े ने कहा कि अमेरिका में अब इन उत्पादों की बिक्री और स्वीकार्यता दोनों पर असर पड़ सकता है।



### ज्वेलरी सेक्टर पूरी तरह निर्यात पर निर्भर

रोकड़े ने यह भी कहा कि भारत ने पहले यूरोपीय संघ और मध्य-पूर्व जैसे बाजारों को विकल्प के रूप में खोजा था, लेकिन अमेरिका जैसा बड़ा बाजार खोना उद्योग के लिए घाटे का सौदा होगा। कामा ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर कॉलिन शाह ने कहा कि जेम्स और ज्वेलरी ऐसा सेक्टर है जो पूरी तरह निर्यात पर निर्भर है। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ नीति का असर पूरे उद्योग पर पड़ना तय है। उन्होंने कहा कि पहले ही रूस-यूक्रेन और मिडल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव ने हालात मुश्किल कर रखे हैं। अब अमेरिका से आ रही अनिश्चितता उद्योग को और पीछे धकेल सकती है।

### द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से अभी उम्मीद

उद्योग को अगस्त के अंत में होने वाली भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता से उम्मीद है। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह टैरिफ अस्थायी हो सकता है और व्यापारिक समझौते के बाद इसे घटाया जा सकता है। लेकिन तब तक भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री को सतर्कता से कदम उठाने होंगे।

## खबर संक्षेप

### वेदांता का जून तिमाही लाभ 13 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कारोबार से जुड़ी कंपनी वेदांता लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत 'समायोजित' शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 5,000 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही में राजस्व बढ़ने से लाभ में वृद्धि हुई है। वेदांता ने अप्रैल-जून तिमाही के वित्तीय नतीजे की सूचना दी।

### डीसीबी बैंक के लाभ में 20 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** डीसीबी बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 19.8 प्रतिशत बढ़कर 157 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 131 करोड़ रुपये रहा था। डीसीबी बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 2,050 करोड़ रुपये हो गई।

### टीवीएस मोटर के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 32 प्रतिशत के उछाल के साथ 610 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने तिमाही के दौरान अपनी सबसे ऊंची बिक्री का आंकड़ा हासिल किया है, जिससे उसका मुनाफा भी बढ़ा है।

### जिलेट इंडिया का जून तिमाही लाभ बढ़ा




**नई दिल्ली।** जिलेट इंडिया लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ 25.6 प्रतिशत बढ़कर 145.69 करोड़ रुपये रहा है। तिमाही में 115.97 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। जिलेट इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 9.5 प्रतिशत बढ़कर 706.72 करोड़ रुपये हो गई।

### सनफार्मा के मुनाफे में 20 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 20 प्रतिशत घटकर 2,279 करोड़ रुपये रहा है। प्रमुख दवा कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,836 करोड़ रुपये रहा था। पहली तिमाही के लिए कंपनी का समायोजित शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 2,996 करोड़ रुपये रहा। सनफार्मा ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 14,316 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,185 करोड़ रुपये थी।

## दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी जानकारी

# स्टारलिंक को उपग्रह इंटरनेट सेवा का लाइसेंस जारी, स्पेक्ट्रम आवंटन मानक भी तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है और इसके साथ ही स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए एक नीतिगत ढांचे को भी अंतिम रूप दे दिया गया है।

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश में पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह घोषणा की गई। सिंधिया ने कहा, ''स्टारलिंक को भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एकीकृत लाइसेंस दिया गया है। स्पेक्ट्रम आवंटन और गेटवे निर्माण के लिए नीतिगत ढांचा तैयार कर लिया गया है ताकि सेवा शुरू करने में कोई बाधा न हो।'' गेटवे संरचना उपग्रह से डेटा को भारत में लाने और भारत के इंटरनेट ढांचे से जोड़ने के लिए जरूरी होगी।

- स्पेक्ट्रम आवंटन के नीतिगत ढांचे को अंतिम रूप
- पहली मोबाइल कॉल के 30 वर्ष पूर्ण होने पर घोषणा
- उपग्रह से डेटा भारत लाने और इंटरनेट ढांचे से जोड़ना जरूरी होगा




### भारती व जियो को स्पेक्ट्रम का इंतजार

भारती समूह समर्थित यूटेलसैट वनवेब और जियो एसईएस को भी उपग्रह आधारित संचार सेवाएं शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार है। सिंधिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की डिजिटल यात्रा एक हद तक असाधारण रही है।

### भारत दुनिया का दूसरा बड़ा दूरसंचार बाजार

दूरसंचार उद्योग संगठन सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस पी कोचर ने इस अवसर पर कहा, ''भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है। आज एक औसत भारतीय उपभोक्ता प्रतिमाह 21 जीबी से अधिक डेटा का उपयोग करता है।''

### देश में इंटरनेट ग्राहक 97 करोड़ तक पहुंचे

सिंधिया ने कहा, ''दूरदराज के गांवों से लेकर महानगरों तक डिजिटल पहुंच ने नागरिकों को सशक्त बनाया है और भारत को सस्ती एवं समावेशी प्रौद्योगिकी का वैश्विक अगुवा बना दिया है। उन्होंने बताया कि देश में अब 1.2 अरब टेलीफोन कनेक्शन हैं और इंटरनेट ग्राहक 286 प्रतिशत बढ़कर 97 करोड़ तक पहुंच चुके हैं। ब्रॉडबैंड उपयोग भी 2014 की तुलना में 1,450 प्रतिशत बढ़कर अब 94.4 करोड़ हो गया है।

*भारत सबसे सस्ता डेटा प्रदान करने वाल देश : दूरसंचार मंत्री ने कहा कि मोबाइल डेटा की दर में 96.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारत वैश्विक स्तर पर सबसे सस्ता डेटा प्रदान करने वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का दोबारा अपने कदम मजबूती से जमाना एक बड़ी उपलब्धि रही है।*

### बीएसएनएल के 83,000 से अधिक 4 जी नेटवर्क स्थापित

सिंधिया ने कहा, ''18 वर्षों में पहली बार बीएसएनएल ने लगातार दो वर्षों तक शुद्ध लाभ दर्ज किया है। इसने 83,000 से अधिक 4जी नेटवर्क स्थल स्थापित किए हैं, जिनमें से 74,000 पहले ही चालू हो चुके हैं।''

### देश के 99.6 फीसदी जिलों तक 5जी नेटवर्क कवरेज

दूरसंचार मंत्री ने कहा कि देश के 99.6 प्रतिशत जिलों तक 5जी नेटवर्क कवरेज हो चुका है और 4.74 लाख 5जी टावरों के माध्यम से 30 करोड़ उपभोक्ता इसका लाभ ले रहे हैं। प्रति व्यक्ति मासिक 5जी डेटा खपत 32 जीबी है जो दुनिया में सबसे अधिक है।

# आयकर विभाग का जेन स्ट्रीट के खिलाफ सर्वेक्षण अभियान

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनी है
- कुछ ब्रोकिंग कंपनियों के परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया

आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को बाजार में हेरफेर की आरोपी अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट के खिलाफ कथित कर चोरी की जांच के तहत कुछ ब्रोकिंग कंपनियों के परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विभाग जेन स्ट्रीट के खिलाफ हाल ही में सेबी की कार्रवाई की पृष्ठभूमि में 'सत्यापन' अभियान चला रहा है। अधिकारी कार्यालय परिसर में सर्वेक्षण के तहत अमेरिकी कंपनी के खाता बही और कंप्यूटर रिकॉर्ड की जांच कर रहे हैं।

बीएसई ने कहा कि उसने इस मामले में कर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट के संबंध में जेन स्ट्रीट के घरेलू व्यापारिक साझेदार बताए जा रहे नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड से स्पष्टीकरण मांगा है। पीटीआई-भाषा द्वारा जेन स्ट्रीट को भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं आया है। तीन जुलाई को जारी एक अंतरिम आदेश में, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने जेन स्ट्रीट (जेएस) को भारी लाभ हासिल करने के लिए वायदा और विकल्प बाजारों के साथ-साथ नकदी में भी दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफेर करने का दोषी पाया था। सेबी ने 'हेज फंड' को बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ जब्त कर लिया।

### 36,671 करोड़ रुपए कंपनी ने कमाए


*जांच में पाया गया कि जेन स्ट्रीट ने जनवरी, 2023 से मई, 2025 तक की जांच अवधि के दौरान शुद्ध आधार पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। हेज फंड निजी और गैर-पंजीकृत निवेश कोष होता है। जांच में पाया गया कि जेएस ने जनवरी, 2023 से मई, 2025 तक की जांच अवधि के दौरान शुद्ध आधार पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया।*

### 4883 करोड़ एस्क्रो खाते में किए जमा

हालांकि, 21 जुलाई को, सेबी ने जेन स्ट्रीट को व्यापार फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी, जब कंपनी ने एस्क्रो खाते में 4,843.57 करोड़ रुपये की अनिवार्य राशि जमा कर दी। साल 2000 में स्थापित, जेन स्ट्रीट ग्रुप एलएलसी वित्तीय सेवा उद्योग में एक वैश्विक स्वामित्व वाली ट्रेडिंग फर्म है।

# देश का चीनी उत्पादन 18 फीसदी बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वर्ष 2025-26 में बढ़कर 3 .49 करोड़ टन रहने की उम्मीद : इस्मा

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अक्टूबर से शुरू होने वाले वर्ष 2025-26 सत्र में भारत का चीनी उत्पादन 18 प्रतिशत बढ़कर 3.49 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जिसमें 20 लाख टन निर्यात की गुंजाइश है। चालू वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन 2.61 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

इस्मा के अध्यक्ष गौतम गोयल ने पहला प्रारंभिक अनुमान जारी करते हुए कहा, ''चीनी उत्पादन 3.49 करोड़ टन होने का अनुमान है, जिसमें और वृद्धि की संभावना है और वर्ष 2025-26 के सत्र में 20 लाख टन निर्यात की गुंजाइश है।'' उन्होंने कहा कि अगले सत्र में लगभग 50 लाख टन चीनी का उपयोग एथनॉल उत्पादन के लिए किया जा सकता है, जबकि चालू सत्र में यह 35 लाख टन है। सरकार ने चालू सत्र में 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी है। गोयल ने कहा कि उद्योग निकाय 20 लाख टन चीनी निर्यात, एथनॉल के लिए अधिक स्थानांतरण, चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य में वृद्धि के साथ-साथ बी शीरा और गन्ने के रस से बने एथनॉल की कीमतों में वृद्धि के लिए 'समय पर' अनुमति मांगेगा।

### गन्ने का उत्पादन बढ़ने का अनुमान

इस्मा ने शीर्ष उत्पादक राज्यों में अधिक चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। 2025-26 के सत्र में उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 2.5 लाख टन, महाराष्ट्र में एक करोड़ 32.6 लाख टन और कर्नाटक में 66.1 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान है। बेहतर पैदावार और अच्छे मानसून की वजह से खेती के बढ़े हुए रकबे के कारण गन्ने का उत्पादन 93.3 लाख टन से बढ़कर एक करोड़ 32.6 लाख टन होने का अनुमान है।

## अंबुजा सीमेंट्स का शुद्ध लाभ 969.66 करोड़ रुपए...

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड का अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 969.66 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने एक साल पहले अप्रैल-जून तिमाही में 783.18 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। अदाणी समूह की कंपनी ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण किए हैं। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड (एसीएल)




बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अंबुजा सीमेंट्स ने 1.8.4 करोड़ टन (एमटी) तक अपनी 'अब तक की सबसे अधिक सीमेंट बिक्री मात्रा' और 10,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए 'अब तक की सबसे अधिक तिमाही राजस्व' दर्ज किया है।

# स्विगी का शुद्ध घाटा जून तिमाही में हुआ दोगुना

**नई दिल्ली।** इंस्टामार्ट के मालिकाना हक वाले खाद्य और ई-कॉमर्स आपूर्ति मंच स्विगी का एकीकृत घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून में बढ़कर 1,197 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी का घाटा 611 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आय जून तिमाही में बढ़कर 5,048 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 3,310 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी का खर्च बढ़कर 6,244 करोड़ रुपये हो गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 389 2025_UAD_439786_1 Date- 01/08/2025 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत गोपाल मंदिर बाई का बगीचा पहली गली के पास नाला कवर्ड सीमेंटीकरण एवं नाले में जाल लगाने का कार्य। | 04 माह 07.62 लाख | 2000/- 7622/- | 18/08/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/2973/लोनिवि/नपानि/2025-26 // द्वितीय निविदा सूचना// छिन्दवाड़ा दिनांक 31/07/2025

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _397661_2 Dated 31-07-2025 | Supply installation, testing and commissioning of 250 KVAr LT outdoor APFC panel at Ajania GSR Chhindwara | 1. 6,70,310.00 2. 1 माह | 1. 6,710.00 2. 2,000.00 | 08/08/2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

**कार्यालय प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश मण्डला (म.प्र.)**

// निविदा आमंत्रण सूचना //

जिला एवं सत्र न्यायालय मण्डला में वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु लेखन सामग्री के क्रय बावत् सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदाये प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश मण्डला के नराम से प्रस्तुत की जावेगी। निविदा की शर्ते एवं सामाग्री संपूर्ण जानकारी म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाईट www.mpch.gov.in एवं जिला न्यायालय मण्डला की वेबसाईट Mandla.dcourts.gov.in पर भी उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्ते डाउनलोड की जा सकती है।

इच्छुक व्यापारी / विक्रेता / निमार्ता अपनी निविदायें सीलबंद कर पूर्ण जानकारी सहित प्रधान जिला एंव सत्र न्यायालय मण्डला में दिनांक 19/08/25 को सायंकाल 5 :00 बजे तक आवक-जावक शाखा में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 20/08/2025 को दोपहर 2 :00 बजे निविदा समिति के समक्ष निविदाकर्त्ता / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी।

प्रभारी अधिकारी
'ग्रंथालय अनुविभाग
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश
मण्डला ( म.प्र.)

G-16554/25

# आरबीआई की हस्तक्षेप की आशंका से रुपया संभला

- 22 पैसे की बढ़त के साथ 87 .58 प्रति डॉलर
- सबसे बड़ी 89 पैसे की गिरावट के बाद रुपए ने की वापसी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और 22 पैसे की बढ़त के साथ 87.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूसी कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर जुर्माना लगाने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की आशंका के बीच रुपया संभला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तीन साल से अधिक समय में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट यानी 89 पैसे टूटने के बाद रुपये ने कुछ हद तक वापसी की है लेकिन यह अब भी नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है।

*डॉलर के सूचकांक में गिरावट दर्ज : इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.84 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 296.28 अंक की गिरावट के साथ 81,185.58 अंक पर जबकि निफ्टी 86.70 अंक फिसलकर 24,768.35 अंक पर बंद हुआ।*

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-766/ई-टेण्डर/अमृत-2.0/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 30.07.2025

निविदा सूचना (4th CALL)

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित कंपनी /फर्म/ एजेंसियों / ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ, आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विरण वेबसाईट https://mptendrs.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा एनआईटी क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 417478_4 30.07.2025 (FOURTH CALL) 563/17.04.2025 | अमृत -2.0 के अंतर्गत रीवा नगर निगम को सीवरेज परियोजना का कार्य। | 18 माह रू 423.33 लाख | रू 15000.00 रू 211665.00 | 14.08.2025 18:00 बजे तक। |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जबलपुर (कलेक्ट्रेट परिसर)**

Email-adfish-jab@mp.gov.in

क्र./322/तक./ता.प.आ./2025-26 :: विज्ञप्ति :: जबलपुर, दिनांक 29/07/2025

जबलपुर जिले की जनपद पंचायत जबलपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित निम्न सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट हेतु मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग की मछुआ नीति 2008 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है। संबंधित जलाशय क्षेत्र में पंजीकृत / प्रस्तावित मछुआ सहकारी समितियां / मछली पालन के निमित्त गठित मछुआ समूह अपना आवेदन पत्र मय प्रस्ताव - ठहराव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज, सदस्य सूची एवं विगत 03 वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट आदि के साथ कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जबलपुर में दिनांक 13/08/2025 (15 दिवसीय विज्ञप्ति) तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पट्टे से संबंधित नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, कार्यालय जनपद पंचायत जबलपुर जिला जबलपुर में किया जा सकता है।

दिनांक 13/08/2025 के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

जलाशय की जानकारी निम्नानुसार है

| क्रमांक | जनपद पंचायत का नाम | जलाशय का नाम | उत्पादित औसत जलक्षेत्र (हैक्टेयर में) | वार्षिक पट्टा राशि रुपए |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जबलपुर | लोढ़ी सिंचाई जलाशय | 18.09 | 3618.00 |

:: नियम एवं शर्ते::

(1) पट्टा अवधि की गणना 01 जुलाई से 30 जून तक होगी।(2) पट्टाधारक समिति / समूह को विभागीय नियमों का पालन करते हुए नियमानुसार अनुबंध निष्पादन कराना होगा।(3) मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग की मछुआ नीति 2008 एवं शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों व संशोधनों का पालन करना अनिवार्य होगा। नियम पालन नहीं करने की स्थिति में पट्टा अनुबंध निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी।(4) सिंचाई जलाशय की पट्टा राशि एवं प्राथमिकता क्रम का निर्धारण म.प्र. शासन मछली पालन विभाग की मछुआ नीति 2008 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार विभाग द्वारा की जावेगी।(5) पूर्व पट्टा धारक समिति / समूह के लिए आवश्यक होगा कि विगत 10 वर्षों की पट्टा राशि अदायगी की रसीदें आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।(6) जलाशय का पट्टा प्राप्त करने वाली समिति / समूह को जलाशय की जानकारी प्रतिमाह मत्स्य पालन नीति 2008 के नियमानुसार परिशिष्ट 2 व 3 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार कार्यालय में देना होगी।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग
जिला जबलपुर (म.प्र.)

G-16548/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत की हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।



मालेगांव बम धमाका
अरविंद जयतिलक

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा

2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है।

उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमुढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है। ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा




आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया। गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

हेल्थ रिपोर्ट
रोहित कौशिक




# स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और तीव्र बनाने की जरूरत है। जनसंख्या वृद्धि के कारण बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है चीन ,ब्राजील और श्रीलंका जैसे देश भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमसे ज्यादा खर्च करते हैं। पिछले दिनों योजना आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आबंटन बढ़ाया जाए। चिकित्सा सेवा को दुरुस्त बनाकर ही हम आबादी को स्वस्थ रख सकेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया


मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपुरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


### ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का

संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वह गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के "नरसंहार" को लेकर इजराइल की मुखर आलोचक रही हैं। हालांकि, इजराइल और उसे सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले अमेरिका, दोनों ने फ्रांसेस्का के आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन किया है। अमेरिका ने कहा कि उसके और इजराइल के खिलाफ एक तरह का "राजनीतिक और आर्थिक युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने फ्रांसेस्का को उनके पद से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर दबाव डाला था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहा, जिसके बाद उसने जुलाई की शुरुआत में उन पर प्रतिबंध लगा दिए।



## ऑफ बीट


### पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है, लेकिन फिर दर्द प्रणाली वहीं 'अटक' सकती है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस का अपराध



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सत्य की विजय



मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद

### मेढ़े का निधन दुखद



राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### आत्मनिर्भरता



मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त कर 3500 रूपए का लगाया गया जुर्माना

**शहडोल।** जिला मुख्यालय शहडोल के वार्ड क्रमांक 12 सब्जी मंडी स्थित 15 दुकानों से लगभग 9 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त कर 3500 रूपए का जुर्माना लगाया गया, साथ ही दुकानदारों को समझाइस दी गई कि सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें पॉलिथीन की जगह कपड़े/जूट के थैली का उपयोग करें। कार्यवाही में नगर पालिका से स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, अनिल कुमार महोबिया, स्वच्छता उप पर्यवेक्षक भूपेश कोहरे संतोष लखेरा, आनंद यादव, विनय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से विश्वनाथ वर्मा अशोक शर्मा बालेंद्र सिंह तुलसीदास कामता प्रसाद, जिला पंचायत से दिनेश मिश्रा जिला समन्वयक एसबीएम की भूमिका रही।

### ग्राम पुरवा में हुई एक संदिग्ध घर की तलाशी, देशी-विदेशी शराब जप्त

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान ग्राम पुरवा में एक संदिग्ध घर की तलाशी ली गई जिसमें 1 थैले में 15 पाव मकडोवेल्स रम, 10 पाव जीनियस, 20 पाव देशी मदिरा प्लेन, 1 बोतल एमडी रम, मैजिक मोमेंट, 11 पाव गोआ बरामद की गई। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 8150 रूपए है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### बहनों को तोहफा, बारकोड स्कैन करते ही राखी लेने घर पहुंचेगा डाकिया

**रीवा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व में इस बार डाकघर ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। अब भाईयों को राखी भेजने के लिए बहनों को डाकघर नहीं जाना होगा, सिर्फ स्कैनर से स्कैन करना होगा और पोस्टमैन घर आकर राखी का पार्सल पिकअप कर लेगा। अधीक्षक डाकघर आर.के. तिवारी ने बताया कि राखी के खास मौके पर प्रधान डाकघर में यह सुविधा आरंभ की गई है। अब बहनों को डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। बारकोड को स्कैन करने से बहने सीधी पोस्टमास्टर से वाट्सअप पर जुड़ जाएंगी। पोस्टमैन खुद बहनों के घर पहुंच कर पार्सल पिकअप करेंगे। पार्सल बुक कराकर रसीद भी प्रदान करेंगे। घर बैठे राखी सुरक्षित भाईयों के पास पहुंचाने की जिम्मेदारी डाकघर ने उठाई है।

### भदनपुर घाटी में भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

**मैहर।** मैहर-बरही रोड पर भदनपुर घाटी में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। ओवरलोड ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक और एक अन्य युवक उसके नीचे दब गए। अल्ट्राटेक सीमेंट के सहयोग से दोनों को निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को मैहर अस्पताल भेजा। सूत्रों के अनुसार, ट्रैक्टर सतना का बताया जा रहा है। एक मृतक बंधा के कुशवाहा परिवार का और दूसरा सतना का था। ट्रैक्टर मालिक घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं।

### ट्रेक्टर में शव ले जाने पर नोटिस, माँगा स्पष्टीकरण

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सोशल मीडिया में वायरल नगर निगम के ट्रेक्टर वाहन में सफाई मित्रों से किसी लावारिस व्यक्ति का शव जिला चिकित्सालय से उठाने के वीडियो को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण माँगा है। जारी कारण बताओ सूचना पत्र में लेख किया गया है कि नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराये जाते है, यह जानकारी होने के बाद भी संबंधित संस्थाओं से संपर्क ना करते हुए शव वाहन के उपयोग का प्रयास नहीं किया गया और ना ही समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी संज्ञान में लाई गई। यह कृत्य सौंपे हुए दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी, उदासीनता और अमानवीयता को दर्शाता है।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी सड़कों से नहीं हट पा रहे गौवंश, नशे में धुत ट्रक चालक ने 3 गायों को रौंदा



**छतरपुर।**

पिछले दिनों एनएच में ट्रक चालक द्वारा कई गायों को कुचल कर मौत की नींद सुलाने के बाद जब यह घटना सुर्खियों में आई तो कलेक्टन ने टीएल बैठक में जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सड़कों पर बैठने वाले गौवंश को गौशाला में शिफ्ट कराया जाए करीब एक सप्ताह बीत चुका हैं लेकिन ना तो जनपद सीईओ ने कलेक्टर के आदेश पर अमल शुरू किया और न ही नगर पालिका सीएमओ ने गौवंश को सड़कों से गौशाला में शिफ्ट किया। जिससे गुरुवार को एक हादसा हो गया एक नशे में धुत ट्रक चालक ने जवाहर रोड पर 3 गायों को रौंद दिया ट्रक चालक द्वारा गौवंश को टक्कर मारने से उन्हें काफी चोटे आई। इस घटना के बाद जवाहर रोड पर जाम की स्थिति बन गई गौ सेवकों को जैसे ही इसकी जानकारी लगी तो कई गौ सेवक मौके पर पहुंचे और सड़क पर घायल पड़े गौवंश को एक तरफ कर के उनका उपचार शुरू कराया बताया जाता है कि इनमें से एक गौवंश की मौत भी हो चुकी है। इसी तरह सड़कों पर जगह जगह गौवंश को बैठे देखा जाता है। जबकि कागजों में हर पंचायत में गौशाला संचालित हो रही है फिर सड़कों पर बैठने वाले गौवंश को गौशाला भेजने में जनपद सीईओ और नगर पालिका सीएमओ कोताही क्यों बरत रहे है। अगर इनके द्वारा कलेक्टर के आदेश का पालन किया गया होता तो सड़कों पर गौवंश दिखाई न देता।

### कागजों में चल रही गौशालाएं, जहां नहीं दिख रहा गौवंश लेकिन सड़कों पर मौजूद

शासन ने प्रत्येक पंचायत में गौशालाए पंचायतों के माध्यम से बनवाई है। लेकिन अधिकांश गौशालाएं कागजों में संचालित हो रही है कहीं गौशाला बनी है तो कहीं नही बनी कहीं गौशाला के नाम पर पैसा भी हड़प लिया गया गौशालायों में गौवंश के भोजन पानी की व्यवस्था भी पंचायतों को सौपी गई है। लेकिन पंचायते इस व्यवस्था पर खरी नही उतर रही है। पंचायतों को मिलने बाला बजट विकास कार्यों में कम खर्च किया जाता है, बल्कि आपस में बदरबांट कर लिया जाता है। जिन गौशालायों में कुछ गौवंश रखने की व्यवस्था भी हो गई है उन गौशालायों में गौवंश के चारे की व्यवस्था नही है। जिससे गौवंश भूखा मर रहा है। इसके अलावा जिले में और भी गौशाला संचालित हो रही है। जिन्हें शासन से अनुदान प्राप्त होता है और अनुदान इसलिए दिए जाता है कि बहां गौवंश के भोजन पानी की व्यवस्था हो सकें गौशालायों में लाचार और बीमार गायों को रखने के लिए निर्देश है लेकिन गौशालायों में लाचार और बीमार गौवंश नही मिलेगा जबकि कई गौशालायों को लाखों रूपए का बजट अनुदान के रूप में किया जा रहा है। फिर भी गौशालाओं में गौवंश के लिए समुचित व्यवस्था नही है।

### फर्जी गौशाला चलाकर हजम कर रहे अनुदान

जिले में दो दर्जन से अधिक अनुदान प्राप्त गौशालाए चल रही है लेकिन इन गौशालाओं में फर्जी गौवंश दिखाकर शासन से अनुदान प्राप्त किया जा रहा है जबकि गौशालाए खोलने के बाईलाज में स्पष्ट निर्देश है कि अनुदान प्राप्त गौशालाओं में विकलांग बीमार और अपाहिज गौवंश को प्राथमिकता के साथ रखा जाए लेकिन गौशाला संचालक शासन के इस नियम की भी धज्जियां उडा रहे है। अगर प्रशासन की और से एक टीम बनाकर इन गौशालाओं की जांच कराई जाए तो एक दर्जन से अधिक गौशालाओं में गौवंश देखने को नही मिलेगा जबकि उनके द्वारा गौवंश के नाम पर अनुदान प्राप्त किया जा रहा है इसलिए इसकी जांच कराई जाए तो फर्जीवाडा सामने आ जाएगा। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि बस स्टैंड के समीप एक ट्रक चालक ने गौवंश को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक और उसके सहायक को पकड़ लिया और विवाद होने लगा। सड़क पर विवाद होने के कारण कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक तथा उसके सहायक को थाने ले जाकर मामला दर्ज किया गया। वहीं घायल गौवंश को पशु अस्पताल पहुंचाकर उपचार मुहैया कराया गया। जाम की स्थिति को यातायात पुलिस द्वारा शीघ्र सामान्य कराया गया।

## सड़क के लिए मोहताज मजरा उमड़ा नेगवां के निवासी



**गुनौर।** मंडलम कांग्रेस कमेटी कठवरिया के अध्यक्ष एवं समाजसेवी रजित (मोनू)पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान में दो दशक से प्रदेश में भाजपा सरकार है जिनके कार्यकरता से लेकर मुख्यमंत्री तक अपने आप को यशस्वी कहते हुए नहीं चूकते है जबकि जमीनी हकीकत ये है कि कई ग्रामों में पहुंच मार्ग तक नहीं है बूढ़े बच्चे गर्भवती महिलाए कीचड़ से सने हुए मार्गो से निकलने को मजबूर हो रहीं है अभी वर्तमान मामला ग्राम पंचायत भिटारी के ग्राम उमड़ा नेगवां, मजरा का है जहां रहवासी बड़े संकट में जीवन यापन कर रहे हैं आने जाने के लिए खस्ताहाल कीचड़ से सना हुआ मार्ग है ऐसे मार्ग देखकर जानवर भी जाने से कतराते हैं वहीं इन तीन गांव के निवासी इसी मार्ग से निकलने को मजबूर हो रहे हैं देखकर ही अचरज हो रहा है कि आखिर किस प्रकार यहां से लोग निकल रहे होंगे ग्रामीणों के अनुसार बच्चे भी इसी रस्ते से स्कूल जाते हैं। श्री पाठक ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि गुन्नौर विधानसभा के सलेहा क्षेत्र के अधिकतर ऐसे गांव है जिनके मुख्य मार्ग कीचड़ से सने हुए है परंतु वर्तमान सरकार अपने आपको यशस्वी कहने, बैनर पोस्टर में, और सोशल में मीडिया में व्यस्त है जबकि जनता इस डबल इंजन की सरकार की दोहरी मार से परेशान है। हम सरकार से आग्रह कर रहे हैं ओर हमारे कुछ वरिष्ठ नेताओं ने जिले के अन्य जगहों पर इन्हीं प्रकार के रास्तों पर लेटकर प्रदर्शन भी किया है परंतु इस गूंगी बहरी सरकार का यशस्वी होने का भ्रम नहीं टूट रहा है।

## कलेक्टर ने नरसिंहपुर से कंजई ग्राम तक सड़क मार्ग का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार को नरसिंहपुर जिले से जबलपुर मार्ग के ग्राम डोकरघाट, इमलिया, गोटेगांव, गोटेगांव के जगदीश तिराहा से कंजई तक सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों से सड़क मार्ग में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में चर्चा की गई। सड़क मार्ग में ब्लैक स्पॉट, डायवर्सन मार्ग के संकेत, जेब्रा क्रॉसिंग, ब्रेकर और दुर्घटना संभावित क्षेत्र होने पर क्रासिंग/ ओव्हर टेक न करें इत्यादि स्थलों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गोटेगांव श्रीमती देवंती परते, थाना प्रभारी श्री प्रदीप सराफ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने इन सड़क मार्गों में मुख्य रूप से संभावित दुर्घटना स्थल ब्लैक स्पॉट स्थल के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। ब्लैक स्पॉट स्थल पर सांकेतिक चिन्ह लगे थे।

## बकायादारों पर निगम की सख्ती, दो व्यापारिक भवनों पर हुई तालाबंदी, नोटिस के बाद की सख्त कार्रवाई

**रीवा।**



नगर निगम ने बकायादारों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। कर वसूली को लेकर जारी अभियान के तहत निगम प्रशासन ने जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत दो बड़े बकायादार व्यापारियों के भवनों पर तालाबंदी की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के स्पष्ट निर्देश के तहत यह कार्रवाई की गई, जिसमें वार्ड 9 के भवन स्वामियों पर बड़ी बकाया राशि जमा न करने पर यह कठोर कदम उठाया गया। तालाबंदी की गई संपत्तियों में राजकुमार गुप्ता पर 71,549 रुपए तथा विमल गुप्ता पर 54,342 रुपए की बकाया राशि थी। निधार्रित समय सीमा के भीतर कर जमा न करने पर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाबंदी की कार्रवाई को अंजाम दिया। आयुक्त डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नगर निगम उन सभी बकायादारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा जो निधारित समय में कर का भुगतान नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबंदी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और करदाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे समय पर अपने करो का भुगतान कर अप्रिय कार्रवाई से बचें। इस कार्रवाई में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्र, उपराजस्व निरीक्षक सुधांशु विश्वकर्मा, शिवप्रसाद पांडेय, दिनेश सिंह, अनुपम सहित निगम का राजस्व अमला मौजूद रहा।

## हत्या के प्रयास में फरार 10 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**रीवा**




जिले में गोविंदगढ़ पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे 10 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के ओढ़की निवासी शिवेंद्र तिवारी पर हमला किया गया था। आरोपी अश्विनी मिश्रा और उसके दो अन्य साथियों ने लोहे की रॉड से तिवारी पर जानलेवा हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तिवारी को उपचार के लिए एसजीएमएच रीवा में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद फरार था मुख्य आरोपीइस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी अश्विनी मिश्रा फरार था। पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी थी और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में टकराई




**रीवा।**

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोडहर मोड़ में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार में दौड़ रही तीन बाईकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार 5 युवक घायल हुए जिनमे दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सूचना डायल हंड्रेड पुलिस को दी जिसके बासद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गोडहर मोड़ में विपरीत दिशा से आ रही तीन बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर में दो लोगों को अधिक चोट पहुंची तो वहीं तीन को मामूली चोट आई है। गंभीर रूप से घायल छिजवार और सगौनी निवासी दो युवक रोहिणी सिंह और सचिन सिंह को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## कन्या महाविद्यालय में प्रेमचन्द एवं तुलसीदास जयंती पर हुए साहित्यिक आयोजन

### मुख्य वक्ताओं ने छात्राओं को दिया साहित्यिक चेतना का संदेश




**शहडोल।** शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल में हिन्दी साहित्य के दो महान स्तंभ मुंशी प्रेमचन्द एवं गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व कुलपति डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. सरोज बाला श्याम ने छात्राओं को प्रेमचन्द और तुलसीदास जी के जीवन, कृतित्व एवं साहित्यिक योगदान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रेमचन्द की यथार्थवादी दृष्टि और तुलसीदास की भक्ति चेतना को वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ा। कार्यक्रम में अतिथि विद्वान सुश्री योगिता शिवहरे ने प्रेमचन्द की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके साहित्य में आज के समाज की गूंज स्पष्ट सुनाई देती है। वहीं सुश्री निधि सिंह ने तुलसीदास जी के साहित्यिक अवदान को विस्तार से रेखांकित किया एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन भी किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह मरकाम ने प्रेमचन्द की प्रमुख कहानियों एवं उपन्यासों में समाहित जीवन-दृष्टि को छात्रों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन भी सफलता पूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने तुलसीदास जी के दोहे और प्रेमचन्द की कहानियाँ पढ़ीं, जिससे पूरे वातावरण में साहित्यिक चेतना का संचार हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापकगण डॉ. कुमुद सांडय (वनस्पति शास्त्र), डॉ. यमुना धुर्वे (गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष), डॉ. आर.एस. पासी, प्रो. लाल सिंह बंजारा, डॉ. विनोद कुमार सुनार, प्रो. एस. कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## नेता के संरक्षण में शुरू हुआ सट्टे का अवैध कारोबार

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बकहो नगर परिषद के स्टेट बैंक चौराहा, रावल मार्केट, कोतमा रोड और बकहो बस्ती में सट्टा कारोबार एक बार फिर खुलेआम फलफूल रहा है। पिंटू नामक तथाकथित नेता द्वारा यह अवैध सट्टा कारोबार संचालित किए जाने की बात सामने आ रही है, जिसमें उमेश व उसके जैसे कई लोग परचे (पट्टी) काटते हुए देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां 'एक का 80' नामक खेल शुरू हो गया है और सट्टे का गोरखधंधा बगैर किसी डर के लगातार चल रहा है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। इन इलाकों में सट्टा कारोबार की वजह से स्थानीय युवा तेजी से बर्बादी की ओर बढ़ रहे हैं। सट्टे की लत में पड़कर युवा न केवल अपनी जमा-पूंजी गंवा रहे हैं, बल्कि कई बार छोटे-मोटे अपराधों की तरफ भी बढ़ जाते हैं। नशे और जुए में डूबकर परिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से दूर होते जाते हैं, जिससे पूरे समाज में असंतोष, तनाव और अपराध बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। लगातार सट्टा खेलने से कई युवाओं की शिक्षा और भविष्य दोनों खतरे में आ गया है। सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन लाखों रुपए का अवैध सट्टा कारोबार यहां चल रहा है और इसमें स्थानीय गुर्गों के अलावा कुछ बाहरी लोग भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, सट्टा संचालन में आधुनिक तकनीकों, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन पेमेंट का भी उपयोग बढ़ता जा रहा है, जिससे पुलिस के लिए



इन पर शिकंजा कसना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन की ओर से समय-समय पर कार्रवाई के निर्देश और छापेमारी भी होती है, लेकिन फिर भी इस कारोबार पर स्थायी रोक नहीं लग पा रही। स्थिति यह है कि सट्टा कारोबारी, पुलिस की पकड़ से बाहर रहते हुए खुलेआम युवा वर्ग को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नतीजा यह है कि युवा अपनी मेहनत की कमाई गंवाकर कर्ज में डूब रहे हैं और परिवार आर्थिक-सामाजिक संकट में आ रहा है। समाज के प्रबुद्धजनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से सट्टा एवं नशे के कारोबार के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि युवाओं को इस दलदल से बाहर निकाला जा सके और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## दो स्थानों पर आबकारी की दबिश: मिली शराब, बनाया प्रकरण



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया**

आबकारी पुलिस परासिया ने अलग - अलग दो स्थानों पर दबिश दी। जहां अवैध रूप से बेची जा रही शराब मिली। दोनों ही स्थानों पर इस मामले से सम्बन्धित लोगों पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। 31 जुलाई गुरुवार को वृत्त परासिया एवं चाँदामेटा में दबिश कार्यवाही की गई। वृत्त परासिया अंतर्गत ग्राम कोसमी में मदन यदुवंशी के दुकान एवं मकान की तलाशी कार्रवाई के दौरान तलाशी में दुकान से 13 एम डी नंबर 01 रम मदिरा, पांच बोतल बियर, 18 केन बियर शराब बरामद की गई। वृत्त चाँदामेटा अंतर्गत ग्राम तुतीखेड़ा में विक्रम यादव की दुकान व मकान की तलाशी लेने पर 13 पाव देशी शराब (प्लेन) बरामद कर प्रकरण कायम किया दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया

# नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनेंगे आश्रय स्थल

## सात नदियों के उद्गम पर होगा वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**



मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा डिंडौरी जिले में नर्मदा परिक्रमा पथ के चिन्हित स्थलों पर आश्रय स्थल निर्माण तथा नदियों के उद्गम स्थलों पर वृक्षारोपण के लिए तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार राठौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं जनपद पंचायतों के सीईओ उपस्थित रहे।

**उद्गम स्थलों पर फेंसिंग और वृक्षारोपण को मिली स्वीकृति-** डिंडौरी जिले से निकलने वाली सात प्रमुख नदियाँ — बुढनेर (चांडा, बजाग), तुराड (चौराडादर, करंजिया), लमती (धनुवासागर, डिंडौरी), सिलगी (छिवलीमाल), दनदना (राई, मेंहदवानी), छोटी महानदी (टिकरासरई, शहपुरा) और कसा नदी (संग्रामपुर) के उद्गम स्थलों पर फेंसिंग और वृक्षारोपण का कार्य कराया जाएगा। इस कार्य के लिए शासन द्वारा आवश्यक बजट और कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों का होगा निर्माण-** नर्मदा परिक्रमा पथ पर यात्रियों की सुविधा के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में आश्रय स्थलों के लिए भूमि चिन्हित कर फेंसिंग और वृक्षारोपण की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य जनपद पंचायत अमरपुर, डिंडौरी, बजाग, करंजिया और शहपुरा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों — जैसे रमपुरी, उदरी माल, केवलारी, रूसा, गारकामट्टा, मालपुरमाल आदि में किया जाएगा।

**निर्देशों का पालन अनिवार्य, नहीं होगा राशि का अन्य उपयोग-** सीईओ जिला पंचायत श्री राठौर ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित ग्राम पंचायतें शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य प्रारंभ करें। कार्य प्रारंभ से पूर्व भूमि का राजस्व रिकॉर्ड से सत्यापन, आरक्षण एवं आवंटन कराते हुए पंचायत दर्पण पोर्टल पर वर्क कोड बनाना आवश्यक होगा। किसी अन्य कार्य में स्वीकृत राशि का उपयोग नहीं किया जा सकेगा, और कार्य निरस्त होने की स्थिति में राशि शासन को लौटानी होगी।

गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन

# फंसे 800 श्रद्धालुओं को एनडीआरएफ एसडीआरएफ ने निकाला, 60 यात्री रुके



एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है।

### गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद

इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं। गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है। मुख्य सड़कें ज्यादातर खुली हैं और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। लगातार बारिश जारी है और आईएमडी अलर्ट प्राप्त होने पर हम जिलों को अपडेट और सुरक्षा सावधानियां भेजते हैं।

### जंगल के रास्ते सोनप्रयाग पहुंचाया

*बुधवार को एनडीआरएफ और एसडीआरफ ने गौरीकुंड से 2179 यात्रियों को अस्थायी पगडंडी का निर्माण कर जंगल के रास्ते जवानों की मदद से सकुशल सोनप्रयाग पहुंचाया। यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे थे और राष्ट्रीय राजमार्ग के मुनकटिया के समीप भारी भूस्खलन के कारण बंद होने से फंस गए थे। इस दौरान टीम ने गौरीकुंड से करीब एक किमी पहले हाईवे से जंगल की तरफ कच्चा अस्थायी रास्ता बनाया। एसडीआरएफ के एसआई आशीष डिमरी ने बताया कि शाम 7 बजे तक 2179 यात्रियों को सोनप्रयाग सकुशल लाया गया है, जिसमें 1679 पुरुष, 414 महिलाएं और 47 बच्चे शामिल हैं। बता दें कि यह सभी यात्री बीते मंगलवार को पैदल मार्ग से धाम पहुंचे थे।*

### मलबे से 62 सड़कें बंद

प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से एक राष्ट्रीय और दो राज्य मार्ग सहित 62 सड़कें बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग-केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग गौरीकुंड व सोनप्रयाग के बीच भूस्खलन की वजह से बंद है। जबकि राज्य मार्गों में उत्तरकाशी और नैनीताल में एक-एक राज्यमार्ग बंद है।

यात्रियों को भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया

# बालटाल मार्ग से फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा, 3.93 लाख लोग कर चुके दर्शन



पिछले साल 5 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए थे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

कश्मीर घाटी में बालटाल मार्ग से गुरुवार को अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई लेकिन खराब मौसम के कारण इसे जम्मू से स्थगित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि कश्मीर में मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही असुरक्षित हो गई थी, जिसके बाद बुधवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार सुबह से बालटाल मार्ग से यात्रा फिर से शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से बालटाल और नुनवान आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### पहलगाम से यात्रा स्थगित

*जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने कहा कि यात्रा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कश्मीर स्थित आधार शिविरों से तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि 31 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर से बालटाल और नुनवान स्थित आधार शिविरों की ओर किसी भी जत्थे को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तीर्थयात्रियों को शुक्रवार को पहलगाम और बालटाल के आधार शिविरों की अपनी आगे की यात्रा के लिए उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में ठहराया गया है।*

### 1.44 लोग आधार शिविर से रवाना

तीन जुलाई को घाटी से 38 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू हुई थी, जिसके बाद से 3.93 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में हिमलिंग के दर्शन कर चुके हैं। अब तक कुल 1,44,124 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। पिछले साल, 5.10 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे। तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री के दामाद समेत 5 आरोपी हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने 'ड्रग पार्टी' मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर समेत 5 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सभी पांचों आरोपियों को यहां अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेजी डोरले के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जांचकर्ताओं को उनके फोन में कुछ आपत्तिजनक चैट और वीडियो मिले हैं।

### ईडी ने मुंबई में कई ठिकानों पर छापेमारी की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े 65 करोड़ रुपए के कथित घोटाले से संबंधित धन शोधन जांच के तहत मुंबई में कई ठिकानों पर छापेमारी की। शहर में कुछ ठेकेदारों से जुड़े लगभग आठ ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है, जिन्होंने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को गाद की डंपिंग के सिलसिले में कथित तौर पर झूठे समझौता ज्ञापन (एमओयू) सौंपे थे।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर अमेरिका में ही घमासान

*12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने दी चुनौती*

# टैरिफ पावर पर आज यूएस कोर्ट लेगी फैसला, हारे तो सुप्रीम कोर्ट जाना होगा

ट्रंप ने आईईईपीएम नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों से कई देशों पर टैरिफ की घोषणा कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। फिलिस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा देने वाले बयान पर कनाडा को व्यापारिक समझौते के नाम पर धमकी दी है। ट्रंप के मनमाने टैरिफ ऐलान पर अमेरिका में ही घमासान मचा हुआ है।

अब अमेरिका की अदालत इस बात पर फैसला लेगी कि क्या ट्रंप ने विदेशी सामानों पर आयात शुल्क लगाकर अपने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है या नहीं? अमेरिका के 12 राज्यों और छोटे व्यापारियों ने ट्रंप के टैरिफ पावर को अदालत में चुनौती दी है।

ट्रंप ने अप्रैल और फरवरी में चीन, कनाडा, मैक्सिको और कई अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा दिए थे। उनका तर्क था कि ये कदम अमेरिका की अर्थव्यवस्था, नौकरियों और ड्रग्स की तस्करी से निपटने के लिए जरूरी हैं। लेकिन अब ये फैसले कानूनी मुश्किलों में फंस गए हैं।

- ***संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास***
- ***आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही संभव***



### आज 11 जज शामिल होंगे

आज सुनवाई होने वाली है, उसमें अमेरिका की अपील अदालत के सभी 11 जज शामिल होंगे। इनमें से 8 को डेमोक्रेट और 3 को रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों ने नियुक्त किया है। अगर फैसला ट्रंप के खिलाफ जाता है, तो माना जा रहा है कि यह मामला सीधा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच सकता है। आईईईपीएम के इस्तेमाल को लेकर ट्रंप पर 7 से ज्यादा कानूनी मुकदमे चल रहे हैं। हाल ही में वॉशिंगटन डीसी की एक अदालत ने भी ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया है। अब तक किसी भी अदालत ने यह नहीं माना कि राष्ट्रपति को बिना सीमा के टैरिफ लगाने का अधिकार है।

### आईईईपीएम कानून के दम पर टैरिफ लगा रहे ट्रंप

ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पॉवर्स एक्ट (आईईईपीएम) नाम के एक पुराने कानून का इस्तेमाल किया है, जिसे आपातकाल की स्थिति में दुश्मन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया था। यह कानून 1977 में बना था लेकिन टैरिफ लगाने के लिए इसका यह पहला इस्तेमाल हुआ है। ट्रंप का कहना है कि ये 'राष्ट्रीय आपात स्थिति' है, क्योंकि अमेरिका को व्यापार में भारी घाटा हो रहा है।

### निचली अदालत दे चुकी झटका

*इससे पहले मई में एक निचली अदालत ने कहा था कि ट्रंप ने टैरिफ लगाकर अपने अधिकारों की सीमा लांघी है। कोर्ट ने साफ कहा कि आईईईपीएम जैसे कानून का इस्तेमाल सिर्फ 'सच्ची आपात स्थिति' में ही किया जा सकता है, न कि पुराने व्यापार घाटे जैसे मामलों में।*

### अकेले फैसला लेने का हक नहीं

ट्रंप के इन फैसलों के खिलाफ अमेरिका के 12 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों और 5 छोटे व्यापार संगठनों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति को इस तरह से अकेले फैसला लेने का हक नहीं है। संविधान के मुताबिक टैक्स और टैरिफ से जुड़ा अधिकार सिर्फ संसद के पास है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया बड़ा आदेश

# सेना बनाएगी बैली ब्रिज, पीडब्ल्यूडी को देना होंगे अग्रिम 25 लाख रुपए




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपूताना राइफल्स के जवानों को गंदे नाले से गुजरने की रोजाना की मजबूरी से आखिरकार राहत मिलने वाली है। दिल्ली हाईकोर्टने इस पर बड़ा कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आदेश दिया है कि वह भारतीय सेना को 25 लाख रुपए अग्रिम राशि के रूप में दे, ताकि जवानों के लिए अस्थायी बैली ब्रिज बनाया जा सके। कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जस्टिस प्रथिबा एम. सिंह और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि भुगतान होते ही सेना 40 दिनों के भीतर ब्रिज का निर्माण पूरा करेगी।

### 10 महीने में बनेगा स्थायी फुट ओवर ब्रिज

राजपूताना राइफल्स को उनके बैरकों से दिल्ली छावनी क्षेत्र में परेड ग्राउंड तक आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) 10 महीनों के भीतर पूरा हो जाएगा। ऐसे में तब तक सेना खुद बैली ब्रिज बनाएगी, जिससे जवानों को तुरंत राहत मिले। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देश दिया कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए और अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल की जाए। इससे पहले जवानों को रोजाना गंदे नाले से होकर गुजरना पड़ता है। यह नाला कई बार कमर तक पानी से भर जाता है और उसमें कीचड़ और बदबू रहती है। कोर्ट ने इसे "अस्वीकार्य" करार देते हुए तुरंत कार्रवाई की।

### अगली सुनवाई में मांगी प्रगति रिपोर्ट

*18 जून को कोर्ट ने अधिकारियों को आदेश दिया था कि नाले में जलभराव न हो और पानी की नियमित निकासी की जाए। अब कोर्ट ने साफ कहा है कि बैली ब्रिज बनने तक नाले की सफाई और रखरखाव जारी रहना चाहिए, ताकि जवानों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई में पीडब्ल्यूडी और सेना से प्रगति रिपोर्ट मांगी है। इस फैसले को जवानों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। हाईकोर्ट का यह कदम साफ संदेश देता है कि सैनिकों की गरिमा और सुविधा को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

## नौसेना ने नया युद्धपोत 'हिमगिरी' लॉन्च किया



*मुंबई। भारतीय नौसेना ने हाल ही में प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित एक नया युद्धपोत, हिमगिरी लॉन्च किया है। यह जहाज स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिसका मतलब है कि यह दुश्मन के रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आएगा। हिमगिरी को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा बनाया गया है और यह नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोतों का हिस्सा है। हिमगिरी को बनाने में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो भारत की "मेक इन इंडिया" पहल का हिस्सा है। दुश्मन के रडार के लिए इस जहाज का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। इसमें ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं।*

यूएस के कैलिफ़ोर्निया में नौसेना विमान हादसा

## पांचवी पीढ़ी का एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अमेरिका के मध्य कैलिफोर्निया के नौसेना हवाई अड्डे (एनएएस) लेमूर के पास बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे अमेरिकी नौसेना का पांचवी पीढ़ी का एक एफ-35सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और कोई अन्य कर्मी प्रभावित नहीं हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू हो गई है। दुर्घटनाग्रस्त एफ-35सी विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफए-



125, जिसे 'रफ रेडर्स' के नाम से जाना जाता है, को सौंपा गया था। यह स्क्वाड्रन पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन है। एफ-35सी, लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष रूप से विमानवाहक पोतों के लिए डिजाइन किया गया है।

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश जारी

## बाढ़ और भूस्खलन से 302 सड़कें बाधित ट्रांसफॉर्मर ठप, बिजली व जल आपूर्ति बंद

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश लगातार जारी है। बरसात में जगह-जगह भूस्खलन व अचानक बाढ़ की घटनाओं से जनजीवन पर असर पड़ा है। राज्य में गुरुवार सुबह 10:00 बजे तक एक नेशनल हाईवे सहित 302 सड़कें बाधित रहीं। 436 बिजली ट्रांसफार्मर व 254 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। आपदाग्रस्त मंडी जिले में अभी भी सबसे अधिक 193 सड़कें ठप हैं। कुल्लू जिले में 134 और चंबा में 142 बिजली ट्रांसफार्मर बाधित हैं।

### राजस्थान में नदियां उफान पर



मंडी-चंडीगढ़ राजमार्ग से मलबा हटा रहे

*राजस्थान के अनेक जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है जिससे नदियां उफान पर हैं और कई जगह जलभराव हो गया है। धौलपुर में चंबल नदी व कोटा में पार्वती नदी का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। कोटा, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक में एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।*

**सरदार बांध के पांच गेट खोले** *गुजरात के एकता नगर स्थित सरदार सरोवर बांध के 30 में से पांच गेट खोल दिए गए। इस मानसून सीजन में यह पहली बार है। निचले इलाकों में स्थित गांवों के लिए भी अलर्ट जारी किया है।*

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुश्किल में

## पूछताछ के लिए दूसरी बार आज जारी होगा 'डिटेंशन

एजेंसी ▶▶ सियोल



दक्षिण कोरिया की एक स्पेशल काउंसिल टीम ने गुरुवार को बताया कि वह जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पूछताछ हेतु जबरन लाने के लिए इस हफ्ते 'डिटेंशन वारंट' जारी करेगी। स्पेशल काउंसिल मिन जोंग-की की टीम के अनुसार, वह शुक्रवार सुबह 9 बजे राजधानी के दक्षिण में उइवांग स्थित सोल हिरासत केंद्र में एक सहायक विशेष वकील, एक अभियोजक और जांचकर्ताओं को भेजने की योजना बना रही है। इससे पहले सोल सेंट्रल जिला अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यून पर दिसंबर में मार्शल लॉ थोपने की नाकाम कोशिश के आरोप हैं। वह फिलहाल हिरासत में हैं। यून ने इस हफ्ते पूछताछ के लिए भेजे गए दो समन की अवहेलना की, जिसके चलते अदालत को यह कदम उठाना पड़ा। मिन की टीम, यून और उनकी पत्नी किम कीओन ही पर लगे आरोपों की जांच कर रही है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने किया बड़ा खुलासा

यूरोप और अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित

# अफ्रीका-सीरिया में बढ़ा इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा का खतरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अल-कायदा जैसे चरमपंथी संगठनों का खतरा अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सबसे ज्यादा है और अब यह खतरा सीरिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों आतंकी संगठन सीरिया को भविष्य के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं जहां से वे बाहरी हमले संचालित कर सकते हैं। पश्चिम अफ्रीका में अल-कायदा से जुड़ा समूह 'जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) और पूर्वी अफ्रीका में 'अल-शबाब' संगठन लगातार अपने प्रभाव वाले इलाकों का विस्तार कर रहे हैं।



### यमन-सोमालिया के बीच खतरनाक गठजोड़

*रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पूर्वी अफ्रीका में अल-शबाब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। दोनों के बीच हथियारों की अदला-बदली और प्रशिक्षण की साझेदारी हो रही है, जिससे क्षेत्र में खतरा और बढ़ गया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि इन गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो ये संगठन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए और बड़ा संकट बन सकते हैं।*

### फिर सिर उठा रहा आतंक

सीरिया में बशर अल-असद के सत्ता से हटने के छह महीने बाद भी हालात अस्थिर बने हुए हैं। वहां दोनों आतंकी संगठनों के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। दिसंबर 2023 में दमिश्क पर कब्जे की सैन्य कार्रवाई में 5,000 से ज्यादा विदेशी आतंकियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। यूरोप और अमेरिका के लिए इस्लामिक स्टेट का खतरा अब भी गंभीर है। अमेरिका में कई आतंकी साजिशें आईएसआईएस से प्रेरित पाई गई हैं, जिनमें सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स के जरिए कट्टरपंथ फैलाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, न्यू ऑरलियन्स में एक हमले में 14 लोगों की मौत और मिशिगन में एक सैन्य ठिकाने पर हमले की योजना नाकाम की गई।

### फंडिंग के लिए नए तरीके

*रिपोर्ट में बताया गया कि ये आतंकी संगठन धन जुटाने के लिए क्षेत्रीय संसाधनों का दोहन, समुदायों पर टैक्स, फिरौती के लिए अपहरण और व्यापारिक नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही अब वे महिला दूतों और 'हवाला' जैसी प्रणालियों के जरिए फंड ट्रांसफर कर रहे हैं ताकि पहचान से बचा जा सके।*

## ओडिशा में हाथी के हमले में 3 की मौत



**ढेंकनाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक हाथी ने दो महिलाओं समेत कम से कम तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। यह घटना हिंडोल थाना क्षेत्र के बाघधरिया गांव में हिंडोल वन क्षेत्र के रसोल खंड में हुई। मृतकों की पहचान झूलना देहुरी (55), उसके देवर करुणाकर देहुरी (60) और एक अन्य ग्रामीण शशि साहू के रूप में हुई है। घटना के सिलसिले में वन रक्षक और वनपाल को कर्तव्य में लापरवाही के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें हिंडोल क्षेत्र से संबद्ध कर दिया गया है।

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियां और उनका आयुर्वेदिक उपचार

# निरोगी जीवन के लिए बैद्यनाथ का 'महासुदर्शन काढ़ा' कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

श्रावण की घटा एवं छटा मन को प्रसन्न करती है व मानव प्रफुल्लित हो जाता है। देश में प्रकृति की 6 ऋतुएं है। सभी ऋतुओं का अपना -अपना महत्व है हर दो ऋतुओं के बीच में ऋतु संधि काल होता है जिसका आयुर्वेद स्वास्थ्य की दृष्टी से महत्व बताया गया है। ग्रीष्म , वर्षा , शरद , हेमंत , शिशिर , बसंत इन 6 ऋतुओं में कैसा आहार एवं विहार करना चाहिए साथ ही दिनचर्या, रात्रिचर्या का पालन स्वस्थ रहने की दृष्टी से विस्तार पूर्वक कहां गया है। इन सभी ऋतुओं में जितनी मनोहारी वर्षा ऋतु है वह कभी कभी उतनी ही स्वास्थ्य के लिए कष्टदायक भी हो जाती है।




बारीश में यदि व्यक्ति भीग जाता है वह लापरवाही करता है तो सर्दी होना, खांशी होना, बुखार होना, दस्त होना मलेरिया होना इत्यादि रोग उत्पन्न होते है। वर्षा ऋतु में सर्वप्रथम हमें रोगों से बचने का उपाय व सावधानी बरतनी चाहिए। बारीश में भीगने से बचना चाहिए। भीग भी गए है, तो स्वच्छ पानी से स्नान कर शरीर को सुखा लेना चाहिए। स्वच्छ पानी पीना चाहिए।

### आयुर्वेदिक उपचार से रह सकते हैं स्वस्थ

*जल की अशुद्धता के कारण पाचन में विकृति होकर पतले दस्त हो जाते है ऐसी स्थिति में संजीवनी बटी 1-1 टैबलेट दिन में 3 बार सेवन करें। कभी-कभी दस्त आवंयुक्त व पेट में मरोड़ उत्पन्न होकर उत्पन्न होते हैं ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ अमिबिका टैबलेट 1-1 टैबलेट सुबह- सायं लेकर उपर से बैद्यनाथ कुटजारिष्ट 4-4 चम्मच दवां बराबर पानी मिलाकर सेवन करें। वर्षा ऋतु में अक्सर पीलिया की शिकायत भी बहुत होती है रोगी को भूख नहीं लगती, पेशाब पीली होती है, आखों में पीलापन आता है ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ पुनर्नवादि मण्डूर 2-2 टैबलेट सुबह-सांय सेवन करें। बैद्यनाथ कुमार्यामृत 3-3 चम्मच बराबर पानी मिलाकर सुबह-सायं भोजन के बाद लें। इस प्रकार यदि सावधानी रखें तो बीमारियों से कुछ हद तक बचे रहेगें । यदि कुछ रोगों के लक्षण उत्पन्न भी होते हैं तो उपरोक्त बताए गये आयुर्वेदिक उपचार से उनका उपाय कर स्वस्थ रह सकते हैं व मन को प्रसन्न करने वाले हरे भरे वातावरण मय वर्षा ऋतु का आनंद लेकर निरोगी जीवन जी सकते हैं।*

### वर्षा ऋतु में सबसे अधिक लाभदायक

*सामान्यतया वर्षा ऋतु में सबसे अधिक सर्दी व, खांसी एवं बुखार का प्रकोप होता है। सर्दी व उसके बाद खांसी कुछ दिन तक लगातार रहती है। बार बार छींके आती है। खाने में अरूचि होती है। सिरदर्द होता है व बदन दर्द होता है। ऐसी अवस्था में बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस नारदीय 1-1 टैबलेट सुबह-सायं पीसकर शहद व अदरक रस के साथ सेवन करना चाहिए। बैद्यनाथ कासामृत 2-2 चम्मच दिन में 3 बार लेवें। यदि खांसी हो तो बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण आधा-आधा चम्मच दो बार शहद के साथ सेवन करें। यदि ठंड लगकर तेज बुखार आ रहा हो तो बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी 1-1 टैबलेट सुबह-सायं लेकर उपर से बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा 4-4 चम्मच दवां बराबर पानी मिलाकर भोजन बाद लें। भोजन में हल्का व सुपाच्य खाना लें।*

# रिकॉर्ड हाई के बाद चांदी औंधे मुंह गिरी, एक दिन में साढ़े 3 हजार रुपए की भारी गिरावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



रिकॉर्ड हाई बनाने के बाद बाद चांदी की कीमतें औंधे मुंह गिरी हैं। हाल ही में चांदी ने 1,16,216 के लेवल को टच किया था। लेकिन गुरूवार को एमसीएक्स पर चांदी 1,09,378 रुपए प्रति किलो ग्राम पर कारोबार करती दिखी।

इसका मतलब है कि चांदी अपने हाई लेवल से 6,838 रुपए सस्ती हो गई है। अगर एक दिन की गिरावट की बात करें तो 3486 रुपए सस्ती हुई यानी करीब साढ़े 3 हजार रुपए किलो सस्ती हुई । दूसरी तरफ सोने की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। इस तेज गिरावट के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव, डॉलर की मजबूती और मांग में कमी जैसे प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। बाजार जानकारों के अनुसार इस गिरावट के पीछे के प्रमुख कारण यूएस फेड का फैसला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। तो वहीं डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और अन्य देशों पर नए टैरिफ लागू करने की घोषणा से व्यापारिक अनिश्चितता बढ़ी, जिससे निवेशकों में सतर्कता आई।

**गुरूवार को एमसीएक्स पर चांदी 1,09,378 रुपए किलो ग्राम पहुंची**

# मारुति का पहली तिमाही लाभ बढ़कर 3792 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली वृद्धि के साथ 3,792 करोड़ रुपये रहा है।

कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,760 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एमएसआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 40,493 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 36,840 करोड़ रुपये थी। एकल आधार पर मारुति ने 3,712 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 3,650 करोड़ रुपये की तुलना में दो प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में शुद्ध बिक्री बढ़कर 36,625 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 33,875 करोड़ रुपये थी। स्विफ्ट और डिजायर जैसे मॉडल बनाने वाली कंपनी ने कहा कि घरेलू यात्री वाहन उद्योग में अप्रैल-जून की अवधि में मांग में सुस्ती बनी रही।

## यूनीलीवर का शुद्ध लाभ बढ़कर 5.97 फीसदी

दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़कर 2,768 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। एचयूएल के पास डव, लाइफबॉय, लक्स, लक्मे और सनसिल्क जैसे लोकप्रिय ब्रांड है। कंपनी ने गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 2,612 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एचयूएल ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से राजस्व 5.15 प्रतिशत बढ़कर 16,296 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले इसी तिमाही में 15,497 करोड़ रुपये था।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का मुनाफा 49 फीसदी घटा

उद्योगपति गौतम अदाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 49 प्रतिशत गिरकर 734 करोड़ रुपये रहा है। कोयले की कमजोर मांग ने हवाई अड्डे और खनन इकाइयों में वृद्धि को प्रभावित किया। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,458 करोड़ रुपये रहा था। हल्की गर्मी और उम्मीद से पहले मानसून के कारण कोयला आधारित बिजली की मांग में गिरावट से कंपनी के मुख्य कोयला कारोबार पर असर पड़ा, जो राजस्व में 36 प्रतिशत का योगदान देता है।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 7 को, राष्ट्रपति करेंगी बुनकरों को सम्मानित

**नई दिल्ली।** देशभर में 7 अगस्त को 11वां राष्ट्रीय हथकरघा द्वारा दिवस मनाया गया। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन बुनकरों को संत कबीर पुरस्कार से सम्मानित करेंगी, जिन्होंने वर्षों से पारंपरिक बुनाई और शिल्प को सहेजने में अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान हैंडलूम उत्पादों की प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिससे देश और दुनिया को भारतीय हथकरघा की विविधता और समृद्ध परंपरा से रूबरू कराया जाएगा।

## सिएट ने पेश की रॉकरैड खनन क्षेत्रों के लिए रेडियल तकनीक




**जबलपुर।** टायर निर्माता कंपनी सिएट ने आज अपने नए टायर सिएट रॉकरैड की लॉन्चिंग की घोषणा की। यह कंपनी का पहला रेडियल टायर है जिसे खासतौर पर खनन और दुर्गम इलाकों के लिए तैयार किया गया है। इस रणनीतिक कदम के साथ, सिएट ने ट्रक और बस रेडियल (TBR) सेगमेंट में अपनी तकनीकी मजबूती को और पुख्ता किया है और ऐसे कठिन बाजार में प्रवेश किया है जहां टायर को बेहद कठिन परिस्थितियों में टिकना होता है। रॉकरैड का व्यापक परीक्षण किया गया है ओडिशा के बारबिल की चुनौतीपूर्ण खदानों से लेकर इंडोनेशिया के दुर्गम इलाकों तक। यह टायर अधिक टिकाऊपन, बेहतर पकड़ और ज्यादा माइलेज प्रदान करता है, जिससे यह भारी लोड ढोने वाले खनन कार्यों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है। रॉकरैड की शुरुआत खनन क्षेत्र में रेडियल टायरों की ओर एक अहम कदम है।

## अरविहान ने प्रॉसस, एक्सेल के नेतृत्व में फंडिंग जुटाई

**बेंगलुरु।** स्कूली छात्रों के लिए पूरी तरह से स्वचालित, व्यक्तिगत कोचिंग की पेशकश करने वाला भारत का पहला AI-संचालित शिक्षण मंच अरविहान ने प्री-सीरीज ए फंडिंग राउंड में $4.17 मिलियन जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व प्रॉसस, एक्सेल और जीएसएफ इन्वेस्टर्स ने मिलकर किया। कंपनी ने पहले एक्सेल एटम्स से पिछले राउंड में $750,000 जुटाए थे। अरविहान इस नई फंडिंग का इस्तेमाल तीन नए राज्यों में विस्तार करने, अपनी AI रिसर्च और भाषा समर्थन क्षमताओं को बढ़ाने, और अपनी जमीनी मार्केटिंग और वितरण रणनीति को बढ़ाने की योजना बना रहा है।

## व्यापारियों में बढ़ी बेचैनी, कई सेक्टर पर असर

# ट्रंप के टैरिफ की उद्योग जगत और व्यापारिक संगठनों ने की आलोचना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



तेजकुलपाल सिंह पाली सुनील जैन 501 आकाश गोयल

अमेरिका द्वारा भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले का राजधानी भोपाल, मध्यप्रदेश और देश के उद्योग और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों ने ट्रंप के टैरिफ की कड़ी आलोचना की है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने तेजकुलपाल सिंह पाली, उपाध्यक्ष सुनील जैन 501, आकाश गोयल ने कहाकि अमेरिका को भारत से मेटल, मोती-पत्थर, लेदर, केमिकल, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, मसाले, मशीनरी पार्ट्स, दवाइयां और चावल जैसे प्रमुख उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। टैरिफ बढ़ने से इन उत्पादों की कीमत अमेरिकी बाजार में बढ़ेगी, जिससे भारतीय निर्यात को गहरा झटका लग सकता है। उन्होंने कहाकि व्यापारियों में भ्रम की स्थिति है, क्योंकि कई ऑर्डर पुराने रेट पर भेजे जा चुके हैं और वे रास्ते में हैं। ऐसे में भुगतान और ऑर्डर रद्द होने का संकट मंडरा रहा है।

### भारत में अमेरिकी उत्पादों के खिलाफ विरोध अभियान चलाया जाए



रोहित सुगंधीलाल जैन ने कहाकि अगर अमेरिका ने यह टैरिफ वापस नहीं लिया, तो भारत में अमेरिकी उत्पादों के खिलाफ विरोध अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे चीनी सामान भारत छोड़ो अभियान असरदार रहा था, उसी तरह त्योहारों के दौरान अमेरिकी ब्रांड्स के बहिष्कार की भी रणनीति तैयार होगी। जैन ने कहाकि भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह अमेरिका के सामने इस टैरिफ को हटाने की मांग मजबूती से उठाए। संगठन ने कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि लाखों छोटे व्यापारियों, एक्सपोर्टरों और श्रमिकों की आजीविका का सवाल है।

### कैट ने सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग



कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहाकि संठगन अमेरिका सरकार द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है। यह निर्णय भारतीय व्यापारियों, निर्यातकों और छोटे उद्यमियों के हितों के विपरीत है और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में असंतुलन पैदा कर सकता है। उन्होंने कहाकि भारत अमेरिका को हर साल अरबों डॉलर के उत्पाद निर्यात करता है, जिनमें स्टील, एल्युमिनियम, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। ऐसे में इन उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाना सीधे-सीधे भारतीय एमएसएमई सेक्टर को नुकसान पहुंचाने वाला कदम है।

# भारत में सोने की मांग में 10 प्रतिशत गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोने के दाम में रिकॉर्ड तेजी के कारण भारत में मूल्यवान धातु की मांग अप्रैल-जून तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 134.9 टन रही। एक साल पहले इसी तिमाही में मांग 149.7 टन थी।

डब्ल्यूजीसी ने 'स्वर्ण मांग रुख, दूसरी तिमाही 2025' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा कि मूल्य के लिहाज से, इस साल दूसरी तिमाही में सोने की मांग 30 प्रतिशत बढ़कर 1,21,800 करोड़ रुपये हो गई। जबकि 2024 की इसी तिमाही में यह 93,850 करोड़ रुपये थी। कीमतें पहली बार 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गईं। सोने की बढ़ती कीमतों ने देश में आभूषणों की मांग को प्रभावित किया।



- अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 134.9 टन रहा
- विश्व स्वर्ण परिषद ने कहा, एक साल पहले 149.7 टन रहा

### पूरे वर्ष मांग 600 से 700 टन रहने की उम्मीद

*जैन ने कहा, "जनवरी से जून तक कुल सोने की मांग लगभग 253 टन रही। इसके साथ हम पूरे वर्ष की मांग 600 टन से 700 टन के बीच रहने की उम्मीद कर रहे हैं। अगर कीमत के स्तर पर स्थिरता है, तो यह 700 टन के ऊपरी स्तर पर हो सकती है। हालांकि, यदि कीमतें नाटकीय रूप से बढ़ती रहीं, जिसकी संभावना बहुत ही कम है, तो मांग इस अनुमान से कम हो सकती है।"*

## छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, और पश्चिम बंगाल स्थित संयंत्र का होगा विस्तार

# सेल क्षमता बढ़ाने करेगी 7,500 करोड़ रुपए खर्च


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) अपने संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए चालू वित्त वर्ष में 7,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करने की योजना बना रही है। यह पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल विस्तार के दौर से गुजर रही है और लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल में फैले अपने पांच एकीकृत संयंत्रों (आईएसपी) की संयुक्त दो करोड़ टन क्षमता को बढ़ाकर 2030 तक 3.5 करोड़ टन करने के लिए काम कर रही है।

### भिलाई संयंत्र के विस्तार पर काम जारी

*छत्तीसगढ़ में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी), झारखंड में बोकारो इस्पात संयंत्र और ओडिशा में राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के विस्तार की योजनाओं पर इसके अनुसार काम किया जा रहा है।*



- यह निवेश पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी अधिक है

### सेल 1,642 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी

कंपनी के निदेशक मंडल ने पूंजीगत व्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है और सेल को भरोसा है कि वह इसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लेगी। उन्होंने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में सेल पहले ही 1,642 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है, जो पहली तिमाही के लिए निर्धारित लक्ष्य से कहीं ज़्यादा है।

*पिछले साल 6,000 करोड़ व्यय किए गए : सेल के निदेशक (वित्त) अशोक कुमार पांडा ने कंपनी की निवेश योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में कहा, "...पिछले साल पूंजीगत व्यय लगभग 6,000 करोड़ रुपये था। इस साल, हमने पूरे साल के लिए 7,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जो कि एक बड़ा लक्ष्य है।"*

### बंगाल संयंत्र की क्षमता बढ़ाकर 45 लाख टन होगी

विस्तार योजना का विवरण साझा करते हुए, पांडा ने बताया कि इस्को इस्पात संयंत्र (पश्चिम बंगाल) में निविदा प्रक्रिया चल रही है, जहां 45 लाख टन प्रति वर्ष की क्षमता का विस्तार करने की योजना है। इस संयंत्र की वर्तमान क्षमता 25 लाख टन है।

### दुर्गापुर की सालाना क्षमता बढ़ाने पर काम

दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में, उत्पादन को वर्तमान के 22 लाख टन सालाना से बढ़ाकर 30.9 लाख टन करने के लिए एक पुरानी विस्तार योजना पर काम चल रहा है, साथ ही एक नई योजना का विस्तार भी चल रहा है। अन्य संयंत्रों के लिए, विस्तार योजनाओं पर विचार किया जा रहा है।

**आवश्यकता**

सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10वीं +12वीं) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें- 9685327774 (रायपुर /02/अगस्त 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में


## भारत में रोजगार वृद्धि के लिए आंत्रप्रेन्योर की स्वतंत्रता आवश्यक: अनिल अग्रवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत के आंत्रप्रेन्योर को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने ऐसा कारोबारी माहौल बनाने का आह्वान किया जो अनावश्यक नौकरशाही बाधाओं से मुक्त हो। एक आंत्रप्रेन्योर की सबसे बड़ी विशेषता उसका जोखिम लेने का साहस है। जब भावना कड़ी मेहनत से जुड़ती है, तो महान कंपनियों का निर्माण होता है और देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। अग्रवाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एंटरप्रेंयोर को व्यवसाय से जुड़े जोखिमों पर ध्यान देना चाहिए, न कि नीतिगत या प्रशासकीय उलझनों पर।विकास को सक्षम बनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक कोई बुनियादी समस्या न हो, आंत्रप्रेन्योर को पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मो. 9340637789**

## शब्द पहेली - 5945



**बाएँ से दाए**
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5944 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल- 5955

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5954 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



## दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होती। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

## प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

## फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

## जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

## कुट्टी की करो छुट्टी



**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।

बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

### हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे- बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब:** बुलबुल की किताब, **लेखक:** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?




बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

# फिर बने दोस्त

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।



कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'


माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमुडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की ड्रेस में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।



## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।





## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### प्रो कबड्डी लीग: 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

मुंबई। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें



काकीनाडा। हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है।

### राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



नई दिल्ली। माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा। माल्टा 2027 में 74 देशों और क्षेत्रों के 14 से 18 वर्ष के लगभग 1150 खिलाड़ियों का स्वागत करेगा।'

**पांचवां टेस्ट : भारत ने लंच तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाए**

# चार बदलाव के साथ उतरी टीम इंडिया शुभमन ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत ने घास की मौजूदगी वाली पिच पर अपने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल के विकेट गंवा दिए लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को लंच तक दो विकेट पर 72 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया। भारत ने अपनी एकादश में चार बदलाव करते हुए जसप्रीत बुमराह, अंशुल कंबोज, शारदुल ठाकुर और चोटिल ऋषभ पंत की जगह फिट हो चुके आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को शामिल किया। वहीं कप्तान गिल ने एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाकर सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा है।

श्रृंखला की अब तक की सबसे अधिक घास की मौजूदगी वाली पिच पर इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गेंद उम्मीद के मुताबिक सीम तो कर रही थी लेकिन बहुत ज्यादा स्विंग नहीं कर रही थी। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे गस एटकिंसन ने अपने दूसरे ओवर में जायसवाल (02) को आउट किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि अंदर आती गेंद स्टंप्स पर लगती। अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल (14 रन) आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। क्रिस वोक्स की शॉर्ट गेंद को कट करने की कोशिश में वह विकेटों पर खेल गए।



### शुभमन सीरीज में नहीं जीत सके एक बार भी टॉस

शुभमन गिल कप्तान के तौर पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टॉस नहीं जीत सके। अब तक टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा सिर्फ 14 बार ही हुआ है। वहीं 21वीं सदी में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में एक टीम कोई भी टॉस जीतने में कामयाब नहीं हो सकी। इससे पहले साल 2018 में टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर हुआ था, जब विराट कोहली कप्तानी संभाल रहे थे और एक भी मुकाबले में टॉस नहीं जीत पाए थे।

### गिल ने गैरी सोबर्स का 59 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

पांचवें टेस्ट मैच में गुरुवार को कप्तान गिल बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे। गिल ने अपना खाता छठी गेंद पर जैसे ही खोला उसके साथ ही उनके इस टेस्ट सीरीज में कुल 723 रन हो गए और वह एसईएनए देशों में बतौर कप्तान एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड गैरी सोबर्स के नाम पर था, जिन्होंने साल 1966 में इंग्लैंड दौरे पर खेली गई टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 722 रन बनाए थे।

### गावस्कर के रिकॉर्ड को गिल ने किया ध्वस्त

ओवल टेस्ट मैच में शुभमन गिल ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसमें वह अब भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। शुभमन गिल ने इस मामले में सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है, जिसमें गावस्कर ने साल 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान कुल 732 रन बनाए थे। अब इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान के सर्वाधिक रन

| | | |
|---|---|---|
| 733 रन | शुभमन | 2025 |
| 732 रन | गावस्कर | 1978/79 |
| 655 रन | कोहली | 2016/17 |
| 610 रन | कोहली | 2017/18 |
| 593 रन | विराट | 2018 |

### विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है: जुरेल

भारत के विकेटकीपर ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**शतरंज**

# प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।

दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। ' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

**नेपाल करेगा मेजबानी**

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिडेंगी।

■ 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेगी

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।

दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होंगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेंडिग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टोल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

# सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप: 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

नई दिल्ली। सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी।



# लीग कप में मेस्सी का जादू, आखिरी मिनट के गोल से इंटर मियामी को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मियामी

लियोनेल मेस्सी ने मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकरकी ओर से ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया।

मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।



इंटर मियामी ने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हराया

**मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# मन्नेपल्ली पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, हांगकांग के चियुक को हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया । इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे । अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा । आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21 . 18, 21 . 16 से हरा दिया।





### लक्ष्य ने किया कमाल

वहीं, लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्डोयो को रोमांचक मुकाबले में 21-14, 14-21, 21-17 से हराया। पुरुष वर्ग में आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हराकर बाहर कर दिया। महिला एकल में भारत की रक्षिता रामराज थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान से 14-21, 21-10, 21-10 से हार गईं।

### डबल्स में भारत को झटका

मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया की जोड़ी जिम्मी वोंग और लेई पेई जिंग से 19-21, 21-13, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल में पृथ्वी रॉय और के साइ प्रतीक मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से सीधे गेमों में 21-18, 21-18 से हार गए।

## भोपाल पहुंचे एक पत्र ने मचाया हड़कंप, ऊर्जा मंत्री ने जताई सख्ती

# सौभाग्य योजना में दोबारा खुलेंगे घोटाले के पन्ने!


**जबलपुर के कई कार्यपालन अभियंता सहित एई की बढ़ी टेंशन, राजधानी से हो सकते है जांच के आदेश**

शुभम शुक्ला

**हरिभूमि, जबलपुर।** सौभाग्य योजना में करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान और अनियमितताओं का मामला अब एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार हलचल की शुरुआत हुई है एक पत्र से, जो राजधानी भोपाल पहुंचते ही हलचल का कारण बन गया। बताया जा रहा है कि उक्त पत्र में सौभाग्य योजना के अंतर्गत जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में हुई आर्थिक अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया गया है। मामला ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के संज्ञान में भी आ चुका है और अब राजधानी स्तर पर इस पूरे प्रकरण की पुनः जांच कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### पत्र में खुलासे ने खोली पुरानी फाइलें

विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो हाल ही में जबलपुर से भेजे गए एक विस्तृत गोपनीय पत्र में सौभाग्य योजना के नाम पर करोड़ों के फर्जी भुगतान, फर्जी बिलिंग और बिना कार्य किए भुगतान जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस पत्र में उन अधिकारियों के नाम और पद भी दर्शाए गए हैं, जो पहले भी संदेह के घेरे में थे लेकिन बीच में ही अचानक कार्रवाई रुकने से वह बच गए, इतना ही नहीं अब वह मलाईदार पदों में आसीन भी है।



### ऊर्जा मंत्री के तेवर तल्ख

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को जैसे ही मामले की गंभीरता का पता चला, उन्होंने दोबारा जांच कराने के निर्देश दे दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार जांच भोपाल स्तर पर स्वतंत्र टीम द्वारा की जाएगी, और इसकी जद में जबलपुर के सीनियर इंजीनियरिंग स्टाफ, कार्यपालक यंत्री, एई, यहां तक वर्तमान चीफ इंजीनियर तक आ सकते हैं।

### शक्ति भवन में बढ़ी बेचैनी

भोपाल और जबलपुर स्थित शक्ति भवन में पदस्थ अधिकारियों में इस खबर के बाद बेचैनी है। बताया जा रहा है कि संबंधित अफसर अब खुद को जांच से बचाने की कवायद में जुट गए हैं, लेकिन इस बार ऊर्जा मंत्री की सख्त मंशा को देखते हुए राहत मिलना आसान नहीं होगा।

### बड़ी कार्रवाई के संकेत

मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यदि दोबारा जांच में पुराने आरोपों की पुष्टि होती है, तो न केवल निलंबन, बल्कि एफआईआर और विभागीय कार्रवाई तक की सिफारिश की जा सकती है। यह भी संभव है कि ऊर्जा मंत्री इस बार जनता के सामने कार्रवाई का रिपोर्ट कार्ड भी पेश करें।

### पहले भी जांच में फंसे थे कई अधिकारी

गौरतलब है कि दो वर्ष पहले भी जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, सीधी और सिंगरौली जिलों में सौभाग्य योजना में गड़बड़ियों को लेकर विभागीय जांच हुई थी। उस समय जबलपुर जोन के चीफ इंजीनियर समेत कई कार्यपालक यंत्री, सहायक यंत्री और ठेकेदारों पर संदेह जताया गया था, लेकिन कुछ प्रभावशाली अफसर जांच से बच निकलने में कामयाब रहे थे। अब दोबारा जांच के आदेश के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# हाईकोर्ट ने यूका का कचरा नष्ट करने की प्रक्रिया के संबंध में एक्सपर्ट कमेटी से पूछे सवाल

## कमेटी सदस्य नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब : 14 अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई

**जबलपुर।** यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को नष्ट के मामले में मप्र हाईकोर्ट के समक्ष गुरुवार को एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य हाजिर हुए। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों से कुछ सवाल किए। एक्सपर्ट कमेटी के सदस्य उन सवालों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। कोर्ट ने सभी जवाबों के प्रति असंतोष जताया।आगामी सुनवाई तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई। कोर्ट ने कहा कि उस दिन सभी एक्सपर्ट सदस्य कोर्ट के द्वारा पूछे गए सवालों के परिप्रेक्ष्य में अपेक्षाकृत अधिक संतोषजनक सहित हाजिर हों।



सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश शासन की ओर से पक्ष रखने खड़े हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह ने समय दिए जाने की मांग करते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी सुनवाई के दौरान एक्सपर्ट कमेटी के इन सभी सदस्यों को तैयार करके लाएंगे।कोर्ट ने आश्चर्य जताते हुए सवाल दागा कि एक्सपर्ट आप हो या ये लोग। एक्सपर्ट को भला आप कैसे तैयार करेंगे।

### कोर्ट ने किए थे ये सवाल

खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने के दौरान हेवी मेटल व मर्करी को लेकर सवाल किया था। यह भी पूछा था कि जब मामला इतना जटिल था, तो यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने के लिए ऐसी साइट क्यों चुनी गई, जिसके आसपास काफी संख्या में नागरिक निवास करते हैं। इस बात की परवाह क्यों नहीं की गई कि यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा नष्ट करने की प्रक्रिया में लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण को क्षति हो सकती है।

### पूर्व में दिए गए थे ये निर्देश

जनहित याचिकाकर्ता की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व खालिद नूर फखरुद्दीन ने अवगत कराया कि विगत सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से रिपोर्ट पेश की गई थी। जिसमें अवगत कराया गया था कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनिष्टिकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है। केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में जहरीले कचरे का विनिष्टिकरण किया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपी-पीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा। कोर्ट ने उक्त रिपोर्ट को रिकार्ड पर ले लिया था। इसी के साथ कंपाइल स्टेसस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। इस बीच हाई कोर्ट में एक अन्य जनहित याचिका के जरिए दावा किया गया है कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे की राख में रेडियो एक्टिव पदार्थ सक्रिय हैं, जो चिंता का विषय है। हाई कोर्ट ने इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद मूल मामले के साथ सुनवाई की व्यवस्था दे दी है। आगामी सुनवाई में एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के जवाबों पर गौर करने के साथ अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया जाएगा।



# संयुक्त प्रयासों से बची गर्भवती महिला की जान

**एनिमिक प्रसूता ने इलाज के बाद दिया स्वस्थ शिशु को जन्म**

**जबलपुर।** कुंडम ब्लॉक की एक हाई रिस्क गर्भवती महिला और उसके शिशु की जान बचाने में प्रशासनिक तत्परता कामयाब रही। महिला को तत्काल एल्गिन हॉस्पिटल फिर वहां से मेडीकल रिफर किया गया। महिला एनिमिक थी। उसका होमोग्लोबिन स्तर कम था। स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के साथ साथ जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से महिला व उसके परिजन अस्पताल में प्रसव कराने राजी हुए, महिला ने एक स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। बताया गया है कि कुंडम ब्लॉक ग्राम के झुंझ निवासी श्रीमति कौशल्या मरकाम को गंभीर एनीमिया की समस्या थी, जिसका हीमोग्लोबिन स्तर 4 ग्राम तक पहुंच गया था। उसे उपचार के लिए रानी दुर्गावती चिकित्सालय ऐल्गिन जबलपुर रेफर किया गया था, लेकिन वह जाने से मना कर रही थी।

स्वास्थ्य दल और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बावजूद भी महिला उपचार के लिए तैयार नहीं थी। आखिरकार पुलिस की मदद से महिला को उपचार के लिए तैयार किया गया और एल्गिन अस्पताल जबलपुर भेजा गया, जहां उसे ब्लड चढ़ाया गया और बाद में मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया।

मेडिकल कॉलेज में महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया, जिसका वजन 2.4 किग्रा है। महिला और शिशु दोनों की जान बचाने में सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा, डीएचओ डॉ विनीता उप्पल, एसडीएम श्रीमती मोनिका बाघमारे,डॉ सत्यजीत कुजूर, डॉ वैशाली भगत, बीपीएम सुनील नेमा, बीसीएम रंजीत पटेल, बीईई रोहित डोगरे की संयुक्त भागीदारी और प्रयास सराहनीय रहा।

# स्टेशन के बाहर मोबाइल लूटकर भागे लुटेरे

**जबलपुर।** सिविल लाईन रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर डीआरएम ऑफिस वाली गली से फोन में बात करते हुए जा रहे एक युवक का मोबाइल स्कूटी सवार दो अज्ञात लड़कों ने लूट लिया। पुलिस ने बताया कि रेलवे पुल के पास गोटेगांव निवासी जिला न्यायालय जबलपुर में सहायक ग्रेड 3 के पद में पदस्थ 37 वर्षीय अमित कुमार मेहरा सुबह 10 बजे इटारसी कटनी मेमो से अपने घर गोटेगांव से जबलपुर ड्यूटी करने आया था रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर डीआरएम ऑफिस वाली गली से फोन में बात करते हुए जा रहा था तभी पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति स्कूटी से आये और झपट्टा मारकर उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल छीनकर ले गए। मोबाइल की कीमत लगभग 5 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बिना दबाव में आए करे पट्टा वितरण का कार्य

## 15 अगस्त तक पीएम आवास योजना की कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने निर्देश दिए है कि पीएम आवास योजना के लिए पट्टा वितरण का कार्य 15 अगस्त तक के लिए सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को ही पट्टा दिया जाए अपात्र व्यक्ति को नहीं। इस कार्य में पूरी सावधानी बरती जाए। श्री सक्सेना यहां कलेक्टर सभागार में पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में

कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को पट्टा वितरण करने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी भी अपात्र व्यक्ति को पट्टा वितरण नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना किसी के प्रभाव में आए निष्पक्षता के साथ काम करे।बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित सभी एसडीएम और सीएमओ मौजूद थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्डवार पट्टे के आवेदनों की समीक्षा करें और जिन आवेदनों को खारिज करना है, उनका सर्वे अवश्य कराएं, साथ ही जिनको पट्टा दिया जाना है, उनकी सूची तैयार की जाए।कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी सीएमओ से कहा कि 31 जुलाई की स्थिति में कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी उन्हें दी जाए। बैठक में धारणाधिकार के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।



# 48 घंटे बाद टूटी पानी की झड़ी लोगों ने ली राहत की सांस

**अभी भी कम दबाव प्रभावी, वर्षा की संभावना**

जबलपुर।

लगातार 48 घंटे की रिमझिम बारिश के बाद गुरुवार को मौसम खुला तो लोगों ने राहत की श्वांस ली। यद्यपि धूप नहीं निकली बादलों की आवाजाही बनी रही। मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के ऊपर बने हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र की वजह से संभाग के कई स्थानों पर अगले 24 घंटे के दौरान भारी वर्षा हो सकती है। पश्चिमी हवाओं की रफ्तार तेज होने के कारण बादल तेजी से आते जाते रहे, लेकिन बारिश नहीं हो पाई। रात तक या तड़के वर्षा हो सकती है।

मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके कारण बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 84 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 0.4 मिमी वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 769.3 मिमी (लगभग 30 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.41 बजे और सूर्यास्त शाम 6.52 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 637.3 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।



# भोपाल गैस राहत सिविल डिस्पेंसरी में पदस्थ संविदा मेडिकल ऑफीसर की सेवा समाप्ति पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल गैस राहत सिविल डिस्पेंसरी में पदस्थ संविदा मेडिकल ऑफीसर की सेवा समाप्ति पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता अधिकारी को कार्य करते रहने की अनुमति प्रदान की। कोर्ट ने भोपाल गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त व सीएमएचओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।भोपाल निवासी डॉ महेन्द्र सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि केवल मरीज की शिकायत पर 4 जुलाई 2025 को याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त कर दी गई। उन्होंने दलील दी कि सेवा नियमों के प्रावधानों के तहत सेवामुक्त करने के पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया।जबकि अधिकारियों का दायित्व है कि आरोपों के आधार पर कोई कार्रवाई के करने के पहले संबंधित को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 4 जुलाई के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी।

# हाई कोर्ट से नाबालिग दिव्यांग पुत्र को मिला न्याय

**मां की पूरी ग्रेच्युटी व आधी फैमिली पेंशन मिलेगी**

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने नाबालिग दिव्यांग पुत्र के हक में राहतकारी आदेश पारित किया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने व्यवस्था दी कि पिता के जीवित रहने के बावजूद याचिकाकर्ता पुत्र को उसकी दिवंगत मां कामिनी लूनिया की पूरी ग्रेच्युटी के अलावा फैमिली पेंशन का आधा हिस्सा प्रदान किया जाए। पिता द्वारा इस मांग का विरोध किए जाने के बावजूद हाईकोर्ट ने संवेदना का परिचय देते हुए आदेश पारित कर दिया।

याचिकाकर्ता सीहोर जिलांतर्गत आष्टा निवासी 15 वर्षीय रजत उर्फ रोनक कौशल की ओर से अधिवक्ता विवेक अग्रवाल व दीपक मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पिता और याचिकाकर्ता के बीच मनमुटाव चल रहा है। इसलिए यदि मांग पूरी नहीं की गई तो दिव्यांग याचिकाकर्ता का जीवन-यापन मुश्किल हो जाएगा। उसके संवैधानिक अधिकार को कागजी नियमों के दायरे में कैद नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर फैमिली पेंशन की आधी राशि को एफडी में रखने की व्यवस्था दे दी। साथ ही यह भी कहा कि यदि याचिकाकर्ता आधी राशि को लेकर नया दावा पेश नहीं करता तो वह उसके पिता को सौंपी जाए।

याचिकाकर्ता की ओर से अवगत कराया गया कि उसकी मां कामिनी लूनिया जावरा तहसील में पटवारी के पद पर पदस्थ थीं। वो वर्ष 2019 से याचिकाकर्ता को लेकर अपने पति से अलग रह रहीं थीं। इसी बीच कोविड की दूसरी लहर में 10 अप्रैल, 2021 को उनकी मौत हो गई थी। अपनी मां की ग्रेच्युटी और फैमिली पेंशन पाने यह मामला दायर किया।

# कैंट बोर्ड के नहीं होंगे चुनाव, नेताओं की उम्मीदों पर पानी फिरा

## लोकसभा में रक्षा राज्य मंत्री का बयान, कैंटोनमेंट एरिया का निकायों में विलय होगा

जबलपुर।

जबलपुर कैंट बोर्ड में अब मेंबर्स (वार्ड पार्षद) का चुनाव नहीं होगा। यह फैसला रक्षा मंत्रालय ने संसद में स्पष्ट किया है। इस फैसले ने जबलपुर कैंट क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को गहरा झटका दिया है। वहीं, आम नागरिक भी प्रतिनिधित्व के अभाव में खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। जबलपुर कैंट बोर्ड में आखिरी बार मेंबर्स का कार्यकाल 10 फरवरी 2020 को समाप्त हुआ था। इसके बाद एक बार चुनाव की घोषणा हुई, लेकिन प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई। तब से अब तक चार साल से अधिक का समय बीत चुका है, और अब रक्षा मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा।

गौरतलब है की 25 जुलाई को अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी के सवाल के जवाब में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कैंट क्षेत्रों को समीपस्थ नगर निकायों में मिलाने की प्रक्रिया जारी है। जबलपुर कैंट को लेकर भी इसी तरह का प्रस्ताव राज्य सरकार और मंत्रालय के स्तर पर विचाराधीन है। मंत्री ने कहा कि अगर इस बीच चुनाव कराए जाते हैं, तो यह विलय प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। इसलिए अब किसी भी कैंट बोर्ड में मेंबर्स का चुनाव नहीं होगा।



### केन्ट की सिविल आबादी परेशान

जबलपुर कैंट मध्य भारत का एक महत्वपूर्ण सैन्य क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में सिविल आबादी भी निवास करती है। यहां करीब 70 हजार से अधिक नागरिक हैं, जो अब बिना किसी चुने हुए जनप्रतिनिधि के अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे ने कहा, "जबलपुर कैंट में तो नामित मेंबर्स तक की नियुक्ति नहीं हुई है। सारा काम अधिकारी चला रहे हैं, जनता की कोई सीधी आवाज नहीं है।" उन्होंने मांग की कि या तो चुनाव कराए जाएं या फिर विलय प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके।

### छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भटकते है नागरिक

चूंकि कैंट बोर्ड में न तो निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और न ही नामित मेंबर्स, इसलिए नागरिकों को पानी, सड़क, सफाई, टैक्स और सीवर जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। कैंट के सिविल एरिया के रहने वालों का कहना है कि पहले पार्षद के पास जाकर अपनी बात कह देते थे, अब कोई सुनने वाला नहीं। काम बहुत धीमा हो गया है।

### राजनितिक सफर समाप्त

जबलपुर में भाजपा, कांग्रेस और अन्य दलों के कई युवा और अनुभवी नेता वर्षों से कैंट क्षेत्र में सक्रिय हैं। इन नेताओं ने क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क और समाजसेवा के जरिए चुनाव की तैयारी की थी। लेकिन अब रक्षा मंत्रालय के रुख से उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240